# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026










# विस्फोट में मरने वालों की संख्या पहुंची 20
# बॉयलर एरिया गर्म, नहीं पहुंच सकी टीम

**कुछ और बॉडी मिल सकती है, घायलों में भी कुछ गंभीर**

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या 20 पहुंच चुकी है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक घायलों का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर/सक्ती/रायगढ़

**हरिभूमि फॉलोअप**

घटना के 24 घंटे बाद भी राहत कार्य में जुटा अमला क्षतिग्रस्त पाइप और बॉयलर एरिया तक नहीं पहुंच सका है। बताया जाता है कि उसे ठंडा होने में अभी और समय लगेगा। वहां पर भी और श्रमिकों की बॉडी मिलने का अनुमान है, जिससे मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे भीषण हादसा हो गया था। यहां बॉयलर का प्रेशर पाइप अचानक फट गया, जिससे उसमें प्रवाहित तकरीबन 600 डिग्री सेल्सियस तापमान में खौल रहे पानी और भाप का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। ऐसे में वहां अफरातफरी मच गई और घटना में ▶▶| शेष पेज 7 पर

## ठंडा होने का इंतजार, वहां और भी बॉडी होने की संभावना





### मौके पर पहुंचा पुलिस व प्रशासनिक अमला

हादसे के बाद जिला और पुलिस प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर और एसपी के साथ पूरा अमला घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचा। प्रशासन द्वारा घटनास्थल को बैरिकेड कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। कलेक्टर श्री टोपनो ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार घायलों को सर्वोत्तम उपचार ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नहीं मिल रहा अपनों का शव

हादसे के बाद रायगढ़ के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराए गए कई घायलों की मौत हो चुकी है। इस बीच अस्पताल में अव्यवस्था का आलम यह रहा कि यहां पहुंचे परिजनों को अपनों के ही शव नहीं मिल रहे थे, वहीं पीएम के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### प्रशासन ने जारी किए 17 मृतकों के नाम

हादसे में मृतकों की संख्या जिला प्रशासन द्वारा बुधवार 15 अप्रैल को जारी की गई, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ के 5, बिहार के 2, झारखंड के 3, पश्चिम बंगाल के 5 तथा उत्तर प्रदेश के 2 मजदूर शामिल हैं।

- रितेश कुमार (सोनबर्शा, भागलपुर, बिहार),
- अमृत लाल पटेल (मंझापारा, डभरा, सक्ती, छत्तीसगढ़),
- ठंडा राम लहरे (मालखरौदा, सक्ती, छत्तीसगढ़),
- तरुण कुमार ओझा (सिंदरी, धनबाद, झारखंड),
- आकिब खान (दरभंगा, बिहार), ▶▶| शेष पेज 7 पर





### प्लांट प्रबंधन से नहीं मिल रही सहायता

मेडिकल कॉलेज में शव लेने पहुंचे परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद जब उन्हें पता चला कि शव को पीएम के लिए यहां लाया गया है, तब वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जहां कंपनी प्रबंधन का एक भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था और ना ही उन्हें किसी तरह की स्पष्ट जानकारी दी जा रही थी। इसी तरह की स्थिति जिला अस्पताल में भी देखने को मिली, जहां कागजी औपचारिकताओं के बाद पीएम की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करते परिजन नजर आए।

---

साय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला महिलाओं को रजिस्ट्री में 50 फीसदी की छूट

# छग में भी यूनिफार्म सिविल कोड, प्रारूप तैयार करेगी रिटायर जस्टिस की कमेटी

*छत्तीसगढ़ में अब यूनिफार्म सिविल कोड़ यानि यूसीसी लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सरकार ने यूसीसी का प्रारूप तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने समिति के सदस्यों के मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित विवादों में विभिन्न धर्मों के अनुसार अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्देश दिया गया है। अलग-अलग कानूनों के कारण वैधानिक प्रक्रिया में असमानता उत्पन्न होती है, जिससे न्याय प्रक्रिया जटिल होती है। ऐसे में कानून को सरल, एकरूप और न्यायसंगत बनाने के लिए यूसीसी लागू करना आवश्यक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### संपत्ति की रजिस्ट्री महिला के नाम हो तो शुल्क आधा

मंत्रिपरिषद ने महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन पर लगने वाले शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी की जाएगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को संपत्ति अर्जन के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस निर्णय से सरकार को लगभग 153 करोड़ रुपये राजस्व की कमी होगी, लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए इसे महत्वपूर्ण कदम माना गया है।



### अब सेवा क्षेत्र को भी मिल सकेगी जमीन

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन से सेवा क्षेत्र को आबंटन हेतु स्पष्ट वैधानिक पात्रता मिलेगी। भूमि आवंटन प्रावधानों में न्यूनतम एवं अधिकतम सीमा का तार्किक सामंजस्य स्थापित होगा। लैंड बैंक भूखण्डों हेतु ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रेत में सरकारी उपक्रमों का हिस्सा

छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। अब केन्द्र अथवा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम जैसे छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को रेत खदानें आरक्षित की जा सकेंगी। इससे पट्टेदार के एकाधिकार के फलस्वरूप उत्पन्न रेत की आपूर्ति-संकट में कमी आएगी तथा दुर्गम क्षेत्रों में रेत खदानों के सुगम संचालन सहित रेत की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### 16 साल पुराने गौण खनिज नियम में संशोधन

*मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 में व्यापक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन का उद्देश्य खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, नियंत्रण और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करना है, अवैध खनन को रोकना तथा प्रक्रिया का सरलीकरण करना है। गौण खनिज की ऐसी खदाने जो अकारण बंद रहती है अथवा शिथिल रहती है, में कठोर प्रावधान लाया गया है। अब इन खदानों के अनिवार्य भाटक दर में 30 वर्षों के बाद वृद्धि की गई है। इन खदानों को व्यपगत (लैप्स) घोषित किए जाने संबंधी कठोर प्रावधानों को* ▶▶| शेष पेज 7 पर

---

## मुख्यमंत्री ने खुद के पास रखा 29 विभाग

# दो डिप्टी सीएम के साथ सम्राट ने संभाली कुर्सी

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री बनते ही चौधरी ने गृह समेत 29 विभाग अपने पास रखे हैं। दो डिप्टी सीएम को 18 विभागों का जिम्मा सौंपा गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले, भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### मुख्यमंत्री साय ने चौधरी को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री चौधरी के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से बिहार में तीव्र प्रगति सुनिश्चित होगी।

### चौधरी ने बनाया रिकॉर्ड

*सम्राट चौधरी ने शपथ लेते ही कई अहम राजनीतिक उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की हैं। वह बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो उपमुख्यमंत्री पद से सीधे मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। करीब 59 वर्षों बाद यह उपलब्धि दोहराई गई है। इससे पहले 1967 में उपमुख्यमंत्री बने जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 1977 में मुख्यमंत्री पद संभाला था।*

### नीतीश से लिया आशीर्वाद

*शपथ से पहले सम्राट चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की। शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया।*




# महिलाओं को हर महीने 3000 देने का वादा भाजपा ने लॉन्च किया मातृशक्ति भरोसा कार्ड

**पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 व 29 अप्रैल को होना है मतदान**

*पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने वही पैटर्न का इस्तेमाल किया है, जो हाल के समय में हुए चुनावों में किया जा चुका है। भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' लॉन्च किया। इस योजना के मुताबिक, सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये देने का वादा किया गया है।*



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 व दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। भाजपा की इस स्कीम को ममता बनर्जी के लक्खी भंडार योजना का तोड़ बताया जा रहा है। हालांकि, सभी महिलाओं को इसका फायदा नहीं मिलेगा। फैमिली इनकम के आधार पर ही आर्थिक मदद मिलेगी। इस स्कीम की ज्यादा डिटेल अभी सामने नहीं आई है।

### बंगाल में ममता की लक्खी भंडार और कन्याश्री योजना हिट

पश्चिम बंगाल में कुल 7.18 करोड़ वोटर हैं। इनमें से 3.59 करोड़ महिलाएं हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार खास महिला वोटर्स के लिए लक्ष्मी (लक्खी) भंडार, रूपश्री और कन्याश्री जैसी कई योजनाएं चला रही है। ये योजनाएं महिलाओं के बीच में हिट भी हैं।

## ममता सरकार का जाना तय, तृणमूल से पाई पाई वसूल करेगी भाजपा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा 'भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी।' उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना 'निश्चित' है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा। शाह ने कहा, 'मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में भी पिछले 12 साल से नेतृत्व कर रहे हैं; फिर भी उनके खिलाफ एक पैसे तक का किसी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा।'



### तीन टी के लिए जाना जाता है बंगाल

शाह ने कहा, 'उत्तर बंगाल तीन 'टी' के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन)। लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा 'टी' जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकर्ताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है।' उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार तृणमूल के गुंडों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का अपना काम पूरा करेगी।

**कार की गहन तलाशी के मुद्दे पर चुनाव आयोग पर बिफरीं ममता**

## 'अगर आपमें हिम्मत है, तो हर दिन मेरी कार की करें जांच'

### टीएमसी प्रमुख ने जानबूझकर परेशान करने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶| इस्लामपुर (प.बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। मुख्यमंत्री से पहले, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने उसके नेताओं के वाहनों की 'गहन तलाशी' लेने का आदेश दिया है। बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्रीय बलों में हिम्मत है, तो वे हर दिन उनकी कार की जांच कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं आज कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थी तो केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। अगर आपमें हिम्मत है, तो आप हर दिन मेरी कार की जांच करें।'



### टीएमसी के नेताओं की ही गहन जांच क्यों?

तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि केवल उसके नेताओं, विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी के वाहन की निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आधार पर, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा 'सघन तलाशी' के लिए चुना गया है। सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा, 'इस तरह की गहन जांच के लिए केवल उनकी पार्टी के नेताओं को ही क्यों चुना जा रहा है जबकि अन्य को बख्शा जा रहा है? यह चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने का एक स्पष्ट मामला है।' तृणमूल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होना है, जबकि मतगणना चार मई को होगी।

**तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को होंगे चुनाव**

## चुनाव में हमें 'दिल्ली टीम' को बिल्कुल खदेड़ देना है: उदयनिधि

एजेंसी ▶▶| ओट्टापिडारम

उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक बार फिर बुधवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तमिलनाडु और दिल्ली के बीच की लड़ाई है और इस दक्षिणी राज्य को दिल्ली को हराना ही होगा। उदयनिधि ने कहा, 'जैसा कि हमारे नेता (एम के स्टालिन) बार-बार कहते हैं, यह विधानसभा चुनाव दिल्ली बनाम तमिलनाडु का है। हमें तमिलनाडु की टीम बनकर जीतना होगा। हमें दिल्ली की टीम को बिल्कुल खदेड़ना होगा।' थूथुकुडी जिले के ओट्टापिदरम निर्वाचन क्षेत्र में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के सिलसिले में एक सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने मतदाताओं से राज्य के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए भाजपा और उसके सहयोगियों को खारिज करने की अपील की।



### द्रविड़ मॉडल का किया जिक्र

उपमुख्यमंत्री ने द्रविड़ मॉडल सरकार की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना और स्कूली बच्चों के लिए सुबह के नाश्ते के कार्यक्रम सहित कई वादे पूरे किए हैं। केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने उस पर शिक्षा निधि रोकने और तमिलनाडु में हिंदी लाने के लिए तीन-भाषा फार्मूला थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री मोदी ने किया रोड शो



नागरकोइल (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को कन्याकुमारी जिले में रोडशो किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और उनके पूर्ववर्ती के अन्नामलाई के साथ, मोदी एक सजे-धजे वाहन के ऊपर खड़े होकर सड़क के दोनों ओर कतार में बड़ी संख्या में खड़े लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इस कस्बे में वेप्पामूडु जंक्शन से वडासेरी तक लगभग 1.5 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा।

## विजय के चलते 'हाई-प्रोफाइल' बनी पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली सीट

**दो सीट से चुनाव लड़ रहे हैं एक्टर व टीवीके प्रमुख**

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभिनेता- राजनेता विजय द्वारा चेन्नई के पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व दो सीट से चुनाव लड़ने के विकल्प को चुनने के बाद ये दोनों सीट 'हाई-प्रोफाइल' निर्वाचन क्षेत्र बन गई हैं। विजय द्वारा चुने गए दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में काफी संख्या में श्रमिक वर्ग निवास करते हैं और ईसाइयों का एक बड़ा हिस्सा भी मौजूद है। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय, एक ही साथ दो सीट से चुनाव लड़ने वाले पहले नेता नहीं हैं।



### जयललिता ने लड़ा था चुनाव

*जे. जयललिता ने 1991 में बरगुर और कांगेयम सीट से चुनाव लड़ा और दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की भारी जीत के बाद बरगुर सीट को बरकरार रखने का फैसला किया और कांगेयम सीट छोड़ दी थी, जिसके बाद वह पहली बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।*

**पार्टी में चल रहा घमासान**

## राघव को जेड प्लस, आप ने कहा, केंद्र क्यों मेहरबान?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। इधर, मौजूदा खतरे की आशंका के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। यह सुरक्षा दिल्ली और पंजाब, दोनों जगहों पर उपलब्ध होगी। उनकी सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जब तक औपचारिकता पूरी नहीं कर ली जाती है, तब तक दिल्ली पुलिस को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है।



### यह है विवाद

आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से दो अप्रैल को हटा दिया था। पार्टी ने उन पर आरोप लगाया है कि वह संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र के खिलाफ मुखर होकर बोलने से बचते रहे और इसके बजाय अपने प्रचार-प्रसार में लगे रहे। चड्ढा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए पार्टी के आरोपों को 'झूठ करार दिया और कहा कि वह संसद में लोगों के मुद्दे उठाने गए थे, हंगामा करने नहीं।

**संसद का विशेष सत्र आज से होगा शुरू**

सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर 850 तक करने का ला रही प्रस्ताव

## 33% महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी, 3 अहम बिल होंगे पेश

*संसद का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जिसमें सरकार साल 2029 से पहले लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार तीन बड़े बिल पेश करने वाली है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पहला बिल परिसीमन कानून 2026 से जुड़ा है, दूसरा 131वां संविधान संशोधन बिल है और तीसरा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण लागू करने से संबंधित संशोधन बिल है। 131वें संविधान संशोधन के तहत केंद्र सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव ला रही है। इसमें 815 सीटें राज्यों के लिए और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए होंगी। हालांकि यह अधिकतम सीमा होगी और असल में कितनी सीटें बढ़ेंगी, इसका फैसला परिसीमन आयोग करेगा। इन कुल सीटों में से 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह आरक्षण एक रोटेशन सिस्टम के तहत लागू होगा, यानी हर चुनाव में अलग-अलग सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। यह व्यवस्था 15 साल तक लागू रहेगी, जिसके बाद संसद चाहे तो इसे आगे बढ़ा सकती है।



### परिसीमन के बाद लागू होगा महिला आरक्षण

गौर करने वाली बात यह है कि आखिरी बार परिसीमन 2002 में हुआ था, लेकिन तब सिर्फ सीटों की सीमाएं बदली गई थीं, सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई थी। सरकार की योजना है कि 2029 के चुनाव से पहले परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके बाद ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। हालांकि इसमें एक बड़ी चुनौती भी सामने आ सकती है। कुछ राज्यों में परिसीमन के बाद विधानसभा सीटों की संख्या 500 से ज्यादा हो सकती है, जबकि संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार किसी राज्य की विधानसभा में 500 से ज्यादा सीटें नहीं हो सकतीं।

**ये तीन बिल होंगे पेश :** पहला बिल परिसीमन कानून 2026 से जुड़ा है, दूसरा 131वां संविधान संशोधन बिल है और तीसरा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण लागू करने से संबंधित संशोधन बिल है।

### महिला आरक्षण का समर्थन, लेकिन परिसीमन का विरोध करेगा विपक्ष

इधर, विपक्षी दलों ने बुधवार को कहा कि वे महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध करेंगे। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर साझा रणनीति को लेकर चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, 'हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं, लेकिन यह जिस तरह से लाया गया है, उसको लेकर आपत्ति है। उन्होंने कहा, 'हमने फैसला किया है कि हम इस विधेयक (परिसीमन) का विरोध करेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी दल चाहते हैं कि 2029 से महिला आरक्षण लागू हो, लेकिन वे परिसीमन के प्रावधानों का पूरी तरह विरोध करेंगे। विपक्ष की बैठक से पहले, कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने इन विधेयकों को लेकर अलग से चर्चा की। बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश, द्रमुक नेता टीआर बालू, तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत एवं अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह सहित अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए।

### स्टालिन ने किया प्रदर्शन का ऐलान

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और 'भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन की प्रक्रिया दक्षिणी राज्यों के खिलाफ है।

**असम विवाद**

## खेड़ा को झटका, अग्रिम जमानत पर सुप्रीम रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। इस बार उन्हें देश की सबसे बड़ी अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। असल में, तेलंगाना हाईकोर्ट ने खेड़ा को गिरफ्तारी से बचने के लिए जो एक हफ्ते की राहत दी थी, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी है। इसका मतलब यह है कि उन्हें जो फिलहाल के लिए छूट मिली थी, वह अब खत्म हो गई है। असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस राहत के खिलाफ अपील की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि इस मामले पर उनका क्या कहना है और इसके लिए उन्हें तीन हफ्ते का समय दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि अगर उन्हें अग्रिम जमानत चाहिए, तो उन्हें असम की ही अदालत में जाना होगा।



### यह है मामला

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ था जब पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी के खिलाफ कुछ गंभीर बातें कही थीं। इसी को लेकर असम में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अब मामला वापस वहीं पहुंच गया है जहां से शुरू हुआ था। आने वाले तीन हफ्ते पवन खेड़ा के लिए काफी भागदौड़ भरे हो सकते हैं क्योंकि उन्हें अब सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने के साथ-साथ असम की कोर्ट में भी अपना पक्ष रखना होगा।

**एनटीए ने लागू किए होने वाले नीट एक्जाम के लिए नए सुरक्षा नियम**

## परीक्षा केंद्रों पर एडवांस एआई तकनीक से लैस किए जाएंगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी या नकल को रोकने के लिए हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों के लिए ड्रेस कोड और एंट्री से जुड़े नियम भी पहले से ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं। ऐसे में उम्मीदवारों के लिए इन गाइडलाइंस को समझना बेहद जरूरी है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर एडवांस एआई तकनीक से लैस कैमरे लगाए जाएंगे, जो परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखेंगे। किसी भी असामान्य या संदिग्ध व्यवहार को तुरंत पहचानकर कंट्रोल रूम को सूचना दी जाएगी, जिससे नकल की कोशिशों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सके। बता दें, इस साल 3 मई को नीट परीक्षा आयोजित होनी है।



### 5जी जैमर से नेटवर्क रहेगा बंद

*परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक संचार को रोकने के लिए केंद्रों पर हाई-फ्रीक्वेंसी जैमर लगाए जाएंगे। ये जैमर 5जी नेटवर्क तक को ब्लॉक कर देंगे, जिससे ब्लूटूथ या अन्य डिवाइस के जरिए नकल करना संभव नहीं होगा।*

### बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और डिजिटल जांच

एग्जाम सेंटर में प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके साथ ही डिजिटल फ्रिस्किंग के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी प्रतिबंधित वस्तु अंदर न ले जाई जा सके. इससे फर्जी उम्मीदवारों की एंट्री पर रोक लगेगी।

### ड्रेस कोड में सख्ती

एनटीए ने इस बार ड्रेस कोड को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। परीक्षार्थियों को केवल आधी बाजू (हाफ स्लीव्स) के कपड़े पहनकर आना होगा।फुल स्लीव्स कपड़ों की अनुमति नहीं होगी, ताकि कपड़ों में किसी प्रकार की छिपी सामग्री न लाई जा सके.परीक्षा केंद्र में जूते और मोजे पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी।उम्मीदवारों को हल्की चप्पल या सैंडल पहनने की सलाह दी गई है। यह नियम सुरक्षा कारणों से लागू किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार के छिपे उपकरण को रोका जा सके। भारी डिजाइन, बड़े बटन, अधिक पॉकेट या कढ़ाई वाले कपड़े पहनने से बचने की सलाह दी गई है। ऐसे कपड़े जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए सरल और हल्के कपड़े पहनना बेहतर रहेगा।

### प्रश्न पत्र की सुरक्षा के लिए डिजिटल ट्रैकिंग

प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए जीपीएस आधारित ट्रैकिंग और डिजिटल लॉक सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। प्रश्न पत्र केवल निर्धारित समय और स्थान पर ही खोले जा सकेंगे, जिससे पेपर लीक की संभावना को काफी हद तक खत्म किया जा सके.साथ ही बता दें कि परीक्षा केंद्र पर ही अभ्यर्थियों को पेन उपलब्ध कराया जाएगा, इसलिए बाहर से पेन लाने की आवश्यकता नहीं है। पानी की बोतल पारदर्शी होनी चाहिए।इसके अलावा अन्य किसी भी प्रकार की स्टेशनरी या निजी सामान ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**तुर्किये के स्कूल में लगातार दूसरे दिन गोलीबारी**

## हथियारबंद छात्र ने चलाई गोली, चार लोगों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के कहरमनमारस प्रांत के एक सेकेंडरी स्कूल में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हमला आयसर कालिक सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां एक हथियारबंद छात्र ने गोली चला दी, जिससे दहशत फैल गई और तुरंत इमरजेंसी में मदद की गई। यह लगातार दूसरे दिन तुर्की के स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना है। गवर्नर मुकर्रम उनलुअर ने पत्रकारों को बताया, 'बुधवार को तुर्की के दक्षिण-पूर्वी प्रांत कहरामनमारस के एक स्कूल में जब एक मिडिल स्कूल के छात्र ने गोलीबारी की, तो चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।' उनलुअर ने बताया कि मारे गए लोगों में एक शिक्षक भी शामिल था।

### एक दिन पहले यहां हुई थी गोलीबारी

एक दिन पहले, दक्षिण-पूर्वी तुर्की के सिवेरेक जिले के अहमत कोयंकु वोकेशनल एंड टेक्निकल एनाटोलियन हाई स्कूल में स्थानीय समय के अनुसार सुबह लगभग 09:30 बजे हुई थी। यहां पूर्व छात्र द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद कम से कम 16 लोग घायल हो गए थे। स्थानीय गवर्नर हसन शिलडक ने बताया था कि हमलावर, जिसकी उम्र 18-19 साल के आसपास थी, ने पुलिस द्वारा घेरे जाने से पहले शॉटगन से अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर उसी हथियार से खुद को मार डाला। उन्होंने बताया कि घायलों में 10 छात्र, चार शिक्षक, एक कैंटीन कर्मचारी और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

93.7 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण छात्राओं ने मारी बाजी

केंद्रीय विद्यालय संस्थानों का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा जहां 99.57% छात्र सफल

### चार घंटे बाद स्कूलों को ज्ञात हुए परिणाम

सीबीएसई ने दसवीं के नतीजे दोपहर को ही जारी कर दिए थे, लेकिन स्कूलों को परिणाम चार घंटे बाद ही मालूम चल सके। सीबीएसई द्वारा परिणाम दो स्तर पर उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रथम स्तर पर छात्र सीबीएसई के निर्धारित पोर्टल और डिजिलॉकर में जाकर अपना अनुक्रमांक डालकर देख सकते हैं। इसके अलावा दूसरे स्तर पर स्कूलों को सभी छात्रों के परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में प्रेषित किए जाते हैं। छात्रों के परिणाम घोषणा उपरांत तुरंत ही संबंधित वेबसाइट में उपलब्ध हो गए थे, लेकिन स्कूलों को पीडीएफ फाइल लंबे इंतजार के बाद देर शाम ही मिल सकी। अधिकतर स्कूल छात्रों को व्यक्तिगत रूप से फोन करके परिणाम पूछते रहे। पहली बार यह स्थिति निर्मित हुई जब छात्रों को अपने परिणाम व्यक्तिगत रूप से ज्ञात थे, लेकिन स्कूलों को इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

# न टॉपर लिस्ट और न कोई डिवीजन सीबीएसई 10वीं के जारी हुए नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा रोकने के लिए सीबीएसई ने इस साल भी 10वीं की कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। साल 2020 से बोर्ड ने टॉपर लिस्ट जारी करने की प्रथा पूरी तरह खत्म कर दी। इसके अलावा बोर्ड छात्रों को फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन आवंटित नहीं करता है।

सीबीएसई ने इस वर्ष से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित ▶▶|शेष पेज 7 पर

**फैक्ट फाइल**

- इस वर्ष 93.70% छात्र पास हुए हैं, जो पिछले साल (93.66%) की तुलना में 0.04% बेहतर है।
- कुल 24,71,777 छात्रों ने कक्षा 10वीं के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।
- क्षेत्रीय प्रदर्शन की बात करें, तो त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा 99.79% के साथ टॉप पर रहे।

### डीपीएस दुर्ग के अथर्व ने 99.04 और दिव्या का 99.02 प्रतिशत



भिलाई। सीबीएसई दसवीं बोर्ड में जुनवानी स्थित डीपीएस दुर्ग के दो होनहार विद्यार्थियों अथर्व ने 99.04 प्रतिशत और दिव्या वशिष्ठ ने 99.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। अथर्व आगे चलकर कॉमर्स क्षेत्र मे कार्य करना चाहते हैं। वहीं, दिव्या डॉक्टर बनना चाहती है।




# छत्तीसगढ़ में 50 साल बाद बदलेगा चुनावी नक्शा, डेढ़ गुना तक बढ़ जाएंगी विस सीटें!

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

**खास खबर**

देशभर में लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार लोकसभा में परिसीमन आयोग के गठन के लिए विधेयक लाने की तैयारी में है । विधेयक को मंजूरी मिलती है तो पांच दशक के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभा की सीटों में बढ़ोतरी हो सकती है । छत्तीसगढ़ में 1977 के बाद से न तो लोकसभा और न ही राज्य विधानसभा की सीटों में वृद्धि हुई है। देश में अब तक चार बार परिसीमन आयोगों का गठन किया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 2008 में दो दर्जन विधानसभा सीटों के क्षेत्रों एवं नामों में हुआ था बदलाव

### संसद का विशेष सत्र, महिला आरक्षण को लागू करने आज पेश होंगे तीन बिल

#### छत्तीसगढ़ में 4 बार बढ़ी विधानसभा सीटों की संख्या

1952 से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ क्षेत्र में विधानसभा सीटों की संख्या में 4 बार बदलाव हुए हैं। 1952 के पहले चुनाव के समय छत्तीसगढ़ में विधानसभा सीटों की संख्या 82 थी । लेकिन अगले चुनाव यानी 1957 में सीटों की संख्या घटकर 81 हो गई । 62 के चुनाव में भी इतनी ही सीटों पर चुनाव हुए । 1962 में गठित परिसीमन आयोग ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### एआई और संसाधन बढ़ने से जल्द पूरी हो सकती है प्रक्रिया : डॉ. त्रिवेदी

सेवानिवृत्त आईएएस में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी का कहना है कि 2002 में गठित परिसीमन आयोग की प्रक्रिया पूरी होने में करीब 7 साल का समय लगा था, लेकिन अब एआई के आने और संसाधनों में बढ़ोतरी के बाद परिसीमन की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभी जो खबरें आ रहीं हैं उसके मुताबिक लोकसभा और राज्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### 1977 में ये 6 सीटें अस्तित्व में आईं

*1977 के चुनाव में जो 6 नई विधानसभा सीटें अस्तित्व में आईं उनमें सरिया, साजा, खेरथा, रायपुर ग्रामीण, मंदिर हसौद और केशलूर शामिल हैं । हालांकि 2002 में गठित आयोग की रिपोर्ट पर इनमें से कई सीटों में नाम अब बदल गए हैं ।*

#### लोकसभा सीटों की संख्या 2 बार बढ़ी

*छत्तीसगढ़ में 1952 के पहले चुनाव के समय लोकसभा सीटों की संख्या सिर्फ 6 थी। 1962 में सीटों की संख्या बढ़कर 10 हुई और 1977 में सीटों की संख्या 11 हुई तब से लेकर अब तक 11 सीटों के लिए ही चुनाव कराए जा रहे हैं ।*

### रायपुर-बिलासपुर जैसे शिक्षित, जागरुक जिलों में भी नहीं रही महिला विधायक

**हरिभूमि तत्काल**

रायपुर। संसद में आधी आबादी की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पारित करने विशेष सत्र आहूत किया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं का नेतृत्व जिन विधानसभाओं में ज्यादा रहा, उनमें बस्तर से लेकर सरगुजा और कुछ मैदानी क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### यहां कभी नहीं रही महिला विधायक

जिन विधानसभा क्षेत्रों में कभी महिला विधायक नहीं रही, उन विधानसभा क्षेत्रों की सूची जिलावार इस प्रकार है:-

- **रायपुर संभाग:** रायपुर दक्षिण, रायपुर उत्तर, रायपुर पश्चिम, रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग, राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरुद, भाटापारा
- **दुर्ग संभाग:** पाटन, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा, नवागढ़, कवर्धा, राजनांदगांव
- **बिलासपुर संभाग:** बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी, लोरमी, मुंगेली, मरवाही, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, जैजैपुर
- **सरगुजा संभाग:** अंबिकापुर, सीतापुर, लुंड्रा, रामानुजगंज, मनेंद्रगढ़
- **बस्तर संभाग:** जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, अंतागढ़ और कोंटा विधानसभा शामिल है।

# 48 घंटे में बताना होगा-निजी स्कूलों में फीस विनियमन समिति है अथवा नहीं?

लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश, 17 अप्रैल तक देनी होगी जानकारी


फीस विनियमन अधिनियम के 6 साल: न बोर्ड लगे, न बैठकें हुईं, कई जिलों में समिति ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

निजी स्कूलों द्वारा फीस में की जा रही अनियमित वृद्धि को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय सख्त हो गया है। प्रदेशभर के सभी संभागीय संयुक्त संचालक को आदेश जारी कर निजी विद्यालयों में फीस विनियमन अधिनियम के संबंध में जानकारी मांगी गई है। गौरतलब है, निजी स्कूलों द्वारा फीस में ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### इन तीन बिंदुओं में देनी होगी जानकारी

- जिले में संचालित सभी निजी शालाओं में फीस विनियमन समिति का गठन हुआ है, अथवा नहीं? यदि नहीं तो क्या कार्यवाही की गई है।
- क्या इन निजी शालाओं में शुल्क निर्धारण के लिए समिति की बैठक प्रति वर्ष आयोजित हो रही है? क्या बैठक आयोजन के पश्चात शुल्क निर्धारण का प्रदर्शन नोटिस बोर्ड में किया जा रहा है?
- जिला स्तरीय शुल्क समिति की विगत तीन वर्ष (2024-25, 2025-26, 2026-27) में आयोजित बैठकों की जानकारी भी मांगी गई है।



## चिंतन

# महंगाई पर नियंत्रण,जीडीपी ग्रोथ में संतुलन आवश्यक

खाड़ी देशों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मार्च में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) का 3.88% तक पहुंच जाना केवल एक सांख्यिकीय वृद्धि नहीं, बल्कि आने वाले समय की आर्थिक चुनौतियों का संकेत है। फरवरी के 2.13% के मुकाबले 1.75% की यह तेज बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि महंगाई का दबाव फिर से उभर रहा है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो गया है, जब यह आंकड़ा पिछले 38 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। थोक महंगाई दर को अक्सर भविष्य की खुदरा महंगाई का संकेतक माना जाता है। ऐसे में यह स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर विकास की रफ्तार को बनाए रखना तथा दूसरी ओर महंगाई पर नियंत्रण रखना, इन दोनों में संतुलन बेहद जरूरी है। बढ़ती महंगाई के पीछे प्रमुख कारणों में खाड़ी क्षेत्र का तनाव भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। कच्चा तेल, गैस और उर्वरकों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। जब इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है, तो वैश्विक बाजार में इन संसाधनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, जिसका सीधा असर लागत और महंगाई पर पड़ता है। हालांकि, इस चुनौती के बीच भारत के लिए अच्छी बात यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और मजबूत घरेलू मांग है। देश में उत्पादित वस्तुओं की खपत करने की क्षमता ही विकास के पहिए को निरंतर गति देती है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। इसके अलावा, भारत ने हाल के वर्षों में अपने आयात और निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय विविधिकरण किया है। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के तहत भारत ने अफ्रीका, यूरेशिया और अन्य उभरते बाजारों की ओर रुख किया है। इससे न केवल ज्वेलरी जैसे भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं, बल्कि ऊर्जा और उर्वरक जैसे आवश्यक संसाधनों के लिए वैकल्पिक स्रोत भी विकसित हुए हैं। यह रणनीति लंबे समय में भारत को वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक साबित हो सकती है। खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की बड़ी अस्थिरता का असर तुरंत वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका असर परिवहन, उत्पादन और अंततः हर उपभोक्ता वस्तु की कीमत पर पड़ता है। यही 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का सबसे बड़ा खतरा है। बता दें कि मार्च 2026 में 3.88% की वृद्धि का मुख्य कारण कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज वृद्धि है। इस अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगभग 45% और प्राकृतिक गैस में 69% तक का उछाल देखा गया। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होने और युद्ध बंद होने के बाद दोनों देशों ने दोबारा वार्ता शुरू करने और युद्ध नहीं करने की इच्छा जताई है। देर से ही सही, दोनों देश किसी न किसी अंतरिम समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। यह दुनिया को राहत देने वाला होगा। इससे तेल की कीमतों में नरमी आएगी और देश में तेल महंगा नहीं होगा। महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। खाड़ी तनाव के इस दौर में भारत के सामने चुनौती जरूर है, लेकिन उसकी आर्थिक नीतियों की मजबूती, विविधीकरण की रणनीति और घरेलू मांग की ताकत यह भरोसा भी दिलाती है कि देश इस परीक्षा से पार पा सकता है। जरूरत सिर्फ संतुलन, सतर्कता और सही दिशा में निरंतर प्रयास की है।



**नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

**हर्षिता पांडेय**

# छत्तीसगढ़ बना एक बेहतर मॉडल

भारत का लोकतंत्र अक्सर अपनी विशालता और विविधता पर गर्व करता है, लेकिन इस चमकदार तस्वीर के भीतर एक गहरी असमानता लंबे समय से मौजूद रही है। यह असमानता है महिलाओं की राजनीति में अपर्याप्त भागीदारी की। देश की आधी आबादी होने के बावजूद सत्ता के केंद्र में उनकी उपस्थिति हमेशा सीमित रही। ऐसे में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधायी बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की संरचना में सुधार का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम उस गहरी खाई को पाटने की कोशिश है, जो प्रतिनिधित्व और वास्तविक सामाजिक संरचना के बीच वर्षों से बनी हुई थी। छत्तीसगढ़ इस बदलाव का अग्रदूत बन सकता है। यहां पहले से मौजूद जमीनी नेतृत्व एक मजबूत आधार है। यदि महिलाओं को गंभीरता से ग्रामीण नेतृत्व को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक लाया जाए तो प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग से यह राज्य महिला नेतृत्व का राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को संतुलित बनाने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। यह उस सोच को बदलने का प्रयास है, जिसमें महिलाओं को केवल मतदाता या लाभार्थी के रूप में देखा जाता था। अब वे नीति निर्धारक बनेंगी, सत्ता की भागीदार बनेंगी और भारत के विकास की दिशा तय करेंगी। लेकिन इस परिवर्तन की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या समाज अपनी सोच बदलता है, अवचेतन पूर्वाग्रहों, पुरानी धारणाओं और मौन पक्षपातों का त्याग कर पाएगा, उन असंख्य अनसुनी आवाजों को मजबूत स्वर क्या सिस्टम दे पायेगा, राजनीतिक दलों को भी निः शर्त अपनी रणनीति बदलनी ही होंगी। सबसे बड़ा विषय महिलाओं को स्वयं इस स्वर्णिम अवसर को सशक्त नेतृत्व में बदलना हैं। जब ये तीनों पहलू एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी भारत का लोकतंत्र वास्तव में समावेशी और संतुलित दिखाई देगा। छत्तीसगढ़ ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और विश्वास दिया जाए, तो महिलाएं न केवल भागीदारी निभा सकती हैं, बल्कि नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ सकती हैं। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, लेकिन यह बदलाव एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। जब यह जमीनी सशक्तिकरण राज्य और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति से जुड़ जाएगा, तब भारत का लोकतंत्र वास्तव में संतुलित और समावेशी बन सकेगा। नारी शक्ति की यह यात्रा अब केवल शुरुआत नहीं, बल्कि एक स्थायी परिवर्तन की ओर बढ़ता कदम है।

***नारी शक्ति वंदन अधिनियमः एक ऐतिहासिक मोड़ :*** साल 2023 में पारित 106वां संविधान संशोधन, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में जाना जाता है, भारतीय राजनीति में एक नई दिशा तय करता है। इसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह यात्रा बताती है कि महिलाओं के अधिकारों का सवाल केवल नीतिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी विषय रहा है।

***छत्तीसगढः जमीनी बदलाव से उभरता नेतृत्व :*** राष्ट्रीय परिदृश्य के बीच छत्तीसगढ़ एक अलग कहानी प्रस्तुत करता है। यहां महिला नेतृत्व की जड़ें गांवों और स्थानीय निकायों में मजबूत हुई हैं। पंचायत और नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण ने हजारों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर दिया। यह केवल औपचारिक भागीदारी नहीं रही, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका का मार्ग बना। बिलासपुर, सरगुजा और कोरबा जैसे क्षेत्रों में महिलाएं अब योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर सामाजिक मुद्दों तक में निर्णायक हस्तक्षेप कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में इनके नेतृत्व ने ठोस बदलाव दिखाए हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में 90 में से 19 महिलाएं विधायक चुनी गई। यह लगभग 21 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।

***छत्तीसगढ की बढतः आधी आबादी का बढता हस्ताक्षर :*** देश में महिला प्रतिनिधित्व की चर्चा जब भी होती है, छत्तीसगढ़ का नाम अब अग्रणी राज्यों में लिया जाता है। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में यहां महिलाओं की भागीदारी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले चुनावों में राज्य में 54.78 प्रतिशत महिलाएं निर्वाचित हुई। यह केवल बहुमत नहीं, बल्कि यह संकेत है कि अब महिलाएं लोकतंत्र के हाशिए की नहीं, बल्कि केंद्र की भूमिका में आ रही हैं। पंचायत चुनावों में निर्वाचित 1.70 लाख से अधिक जनप्रतिनिधियों में 93 हजार से ज्यादा महिलाएं चुनी गई। यह संख्या अपने आप में बताती है कि महिलाओं ने केवल भागीदारी नहीं, बल्कि निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराई है। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत के आसपास है, जो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ ने इस क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाया है।

***स्थानीय लोकतंत्र का नया चेहरा :*** छत्तीसगढ़ के गांवों और शहरों में अब एक नई तस्वीर उभर रही है। महिलाएं केवल औपचारिक पदों पर नहीं हैं, बल्कि वे विकास योजनाओं की निगरानी कर रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दे रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यही कारण है कि महिलाएं अब चुनाव जीतकर शासन व्यवस्था में सक्रिय योगदान दे रही हैं। महिलाओं के भाग्य और भविष्य को नई दिशा मिलेगी। निर्णय प्रक्रिया में एक तिहाई की भागीदारी के एकाधिक अर्थ है। महिलाएं अब देश और प्रदेश के पात्र हितधारक से प्रभावशाली हिस्सेदार बनने जा रही हैं। पात्र लाभार्थी से निर्णयकर्ता का यह मात्र शब्दों का बदलाव नहीं बल्कि यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में एक प्रभावी "गेम चेंजर" रहेगा और "चेंज इन सोशल पोजीशनिंग ऑफ़ वीमेन" की नींव का पत्थर साबित होगा। यह परिवार, समाज एवं व्यवस्थाओ में महिलाओं के भाग्य और भविष्य को नई दिशा एवं ऊंचाईया देगा।

*(पूर्व अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग, छत्तीसगढ़)*



**अधिनियम**

**नितिन नवीन**

# सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी

यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया।

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

मुद्रा योजना-महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया।

प्रधानमंत्री आवास योजना-घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला।

सुकन्या समृद्धि योजना- बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।

मिशन इंद्रधनुष - टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।


प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना - गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

ट्रिपल तलाक - मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली और उनका आत्मसम्मान व अधिकार मजबूत हुए।

नल से जल - घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ।

लखपति दीदी - महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। यह सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं।

यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में



महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है।

आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है। संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है।

यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी, जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों की जीत है। सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है, जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है।

माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहूति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं। आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा




संकलित

**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला- अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा- आप कौन हैं? सर्प ने कहा- अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुंचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा- भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा- कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज को जोड़ने की ताकत रखती है कला

प्रतिवर्ष 15 अप्रैल विश्व कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व कला दिवस हमें यह सिखाता है कि कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, समझने और बदलने की ताकत भी रखती है। कला ने विकास, क्रांति, स्वतंत्रता और रचनात्मकता के संदेशों को संप्रेषित करने और वैश्विक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला में वह ताकत है जो हमें जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट और संलग्न कर सकती है। कला केवल एक सुंदर चित्र या पेंटिंग मात्र ही नहीं है, बल्कि यह तो हमारे समाज की धड़कन है, स्थानीय और वैश्विक समुदायों में वे जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, उसका हृदय है। वास्तव में यह दिन कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का है।

*– मदन शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### करुणा की भावना



तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान नहीं ले सकती। करुणा की भावना को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि यही आपको न केवल अच्छा डॉक्टर बनाती है, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है।

**- द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति


### हादसे की जांच जरूरी



छत्तीसगढ़ स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भयावह हादसे की खबर बेहद दुखद है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। हमारे श्रमिक भाइयों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**


### संशोधन विधेयक



कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती रही है। हालांकि, एनडीए सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की तैयारी से स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### महिलाओं की सुरक्षा




भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सामूहिक बलात्कार की शिकार एक दलित लड़की ने न्याय न मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा की यही वास्तविकता है; बाकी सब दिखावा और झूठा प्रचार है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया विधानसभा ने बैसाखी को दी मान्यता

कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ''कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। बैसाखी दीयां लख-लख बधाइयां।' प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है और इसे सिख इतिहास व सिख-अमेरिकियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस मानते हुए इस अवसर पर गहरा सम्मान व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें दुनिया भर के दक्षिण एशियाई समुदायों और प्रवासी भारतीयों के साथ इस उत्सव को मनाने वालों के प्रति सम्मान जताया गया। अमेरिका के कई नेताओं ने भी सिख समुदाय को बधाई दी।



## ऑफ बीट

# कैसे स्तनपायी युग समाप्त हुआ होगा

पिछले 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक 'सुपरकॉन्टिनेंट' के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहां पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर 'सुपरकॉन्टिनेंट' बनाएंगे जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा। अध्ययन के मुताबिक 'पैंजिया अल्टिमा' की परिस्थितियां अधिकतर स्तनधारियों के जीवित रहने के लिए विपरीत होंगी। इस 'सुपरकॉन्टिनेंट' के बनने से अधिक ज्वालामुखी गतिविधि होगी, और बूढ़ा होता सूर्य पृथ्वी पर अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगा। इसके परिणामस्वरूप भूमि की सतह का तापमान अत्यधिक हो जाएगा, जिससे महाद्वीप का अधिकांश भाग एक विशाल, गर्म रेगिस्तान में बदल जाएगा, जो विज्ञान-कल्पना महाकाव्य ड्यून के रेगिस्तानी ग्रह 'अराकिस' की याद दिलाता है।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### सिलेंडर विस्फोट में चार की मौत, 18 घायल

**कम्मलावांडला पल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले में गैस सिलेंडर विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। धमाके में कम से कम दो मकान ध्वस्त हो गए। इसे गैस सिलेंडर विस्फोट से जोड़ा जा रहा था, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि धमाके की तीव्रता को देखते हुए यह केवल गैस सिलेंडर तक सीमित नहीं हो सकता। 4 लोगों की मौत हो चुकी है और 18 अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इससे पहले, श्री सत्यसाई जिले के पुलिस अधीक्षक एस सतीश के अनुसार, साढ़े 12 बजे विस्फोट हुआ।

# सीएम साय की कलेक्टरों को चिट्ठी, सुशासन तिहार 1 मई से 10 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर इस अभियान सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुशासन की आधारशिला है तथा आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक रूप में संचालित किया जाएगा।

## शहर-गांवों में लगेंगे शिविर, शिकायतों की होगी सुनवाई

### 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों के निराकरण करें

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।



### मंत्री, सासंद, विधायक अफसर भी होंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।

### 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर

सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून 2026 तक प्रदेशभर में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री करेंगे औचक निरीक्षण एवं समीक्षा

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

व्यापार समझौते और नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर होगी बात

# भारतीय प्रतिनिधिमंडल की टीम 20 से 22 अप्रैल के बीच अमेरिका का दौरा करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझोते और नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर स्पष्टता लाने के लिए भारत का एक प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर बातचीत के लिए अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा करेगा। भारतीय वार्ताकारों की टीम 20 से 22 अप्रैल के बीच अमेरिका का दौरा करेगी, जहां दोनों देशों का जोर ट्रेड डील और टैरिफ से जुड़े अनसुलझे मुद्दों को सुलझाकर समझौते को अंतिम रूप देने पर रहेगा। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर यह ताजा जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 14 अप्रैल को द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक सहयोग के मुद्दे पर हुई 40 मिनट की टेलिफोन बातचीत के बाद आई है। अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में वार्ता विफल होने के बाद दोनों नेताओं की पहली बातचीत थी।

समझौते का फ्रेमवर्क पहले ही तय हुआ

समझौता पहले मार्च में साइन होना था



बाएं से हॉवर्ड लटनिक, पीयूष गोयल, राजदूत सर्जियो गोर — फाइल फोटो

### कई अहम क्षेत्रों पर सकारात्मक चर्चाः राजदूत गौर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बातचीत को सकारात्मक बताते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने प्रस्तावित व्यापार समझौते सहित कई अहम क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा समेत कई बड़े समझौते आने वाले दिनों में सामने आ सकते हैं। पीएम मोदी ने भी एक्स पर एक पोस्ट करके राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने लिखा था कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।

### बातचीत निर्णायक चरण में

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापारिक समझौते का फ्रेमवर्क पहले ही तय हो चुका है और अब बातचीत निर्णायक चरण में है। यह समझौता मार्च में साइन होना था, लेकिन अमेरिका में टैरिफ से जुड़े बदलावों के चलते इसमें देरी हुई। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को अवैध बताकर रद्द कर दिया था।

### भारत टैरिफ पर स्पष्टता चाह रहा

*हालांकि, यूरोपीय यूनियन और अन्य कई देशों ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए ट्रंप प्रशासन से टैरिफ पर स्पष्टता की मांग की। भारत भी नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर स्पष्टता चाहता है। इसीलिए दोनों देशों मुख्य वार्ताकारों की बैठक, जो फरवरी में ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित थी, इन बदलावों के कारण टाल दी गई थी।*

### यूएस द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा कर रहा

*इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने 60 देशों के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा के लिए सेक्शन 301 के तहत जांच भी शुरू की है। इसके अलावा यूएसटीआर ने 16 अर्थव्यवस्थाओं की औद्योगिक नीतियों की अलग से जांच शुरू की है, जिनमें भारत और चीन शामिल हैं। इससे व्यापार वार्ता और जटिल हो गई है।*

### ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज स्थित यमुना नगर के करछना में बुधवार शाम पचदेवरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत हो गई। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि आज शाम कालका एक्सप्रेस से कटकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी जिसकी वजह से ट्रेन रुक गई। इस ट्रेन के यात्री उत्सुकतावश नीचे उतर आए। उन्होंने कहा, तभी दूसरे ट्रैक पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु हो गई।

GVK EMRI GREEN HEALTH SERVICES — CALL 108 EMERGENCY • MEDICAL • POLICE • FIRE

**सीधी भर्ती**

**108 संजीवनी एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ के लिए आवेदन हेतु**

| पद | योग्यता | आयु |
|---|---|---|
| **ईएमटी** (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) | 12वीं (बायो) के साथ पैरामेडिकल कोर्स / GNM / B.Sc नर्सिंग / DMLT / BMLT / B.Pharm / D.Pharm / MPW | 35 वर्ष तक |
| **पायलट** (एम्बुलेंस ड्राइवर) | 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, साथ में कम से कम 3 वर्ष पुराना वैध ड्राइविंग लाइसेंस LMV | 35 वर्ष तक |

| इंटरव्यू स्थान | इन जिलो के लिए भर्ती | साक्षात्कार तिथि | पता |
|---|---|---|---|
| **रायपुर** | धमतरी, रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, दुर्ग, गरियाबंद | **18 एवं 19 अप्रैल 2026** | RTO, सिटी सेंटर, ओल्ड बस स्टैंड रोड, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| **जगदलपुर** | बस्तर, कांकेर, नारायणपुर कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर | **18 से 20 अप्रैल 2026** | मेडिटिस्ट एपिस्कोपल मिशन मैदान, लाल चर्च के बगल में, जगदलपुर |
| **रायगढ़** | कोरबा, जशपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, रायगढ़ | **18 से 20 अप्रैल 2026** | पायलट इंटरव्यू का स्थान – विमला त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ EMT इंटरव्यू का स्थान – CHMO कार्यालिय, रायगढ़ |
| **मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर** | कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला, पेड्रा, मारवाही | **18 एवं 19 अप्रैल 2026** | बॉयज़ हाई स्कूल ग्राउंड, बड़ी बाज़ार, तहसील कार्यालिय के सामने, चिरमिरी |

**संपर्क नंबर : 8770248933, 9893499089**

**नोट:** 108 प्रोजेक्ट्स के तहत सभी पद केवल EMRI GHS द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जा रहे हैं। किसी भी एजेंसी, कंसल्टेंट या व्यक्तिगत एजेंट से कोई सेवा या सहायता नहीं ली जा रही है।

सबरीमाला प्रबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में रखे तर्क

# कोर्ट समुदाय के विश्वास स्वीकार करे और उसकी वैधता पर सवाल न उठाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। मंदिर प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के वकील एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को अपने तर्क रखे। सिंघवी ने कहा कि धर्म किसी एक सटीक परिभाषा में नहीं बंध सकता, बल्कि यह किसी समुदाय के साझा विश्वासों और प्रथाओं का समूह होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालत को किसी समुदाय के विश्वास को स्वीकार करना चाहिए और उसकी वैधता पर सवाल नहीं उठाना चाहिए, जब तक कि वह अन्य मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करे।



**सीजेआई ने पूछा सवाल**

### क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव ?

मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव है? इस पर सिंघवी ने कहा कि धार्मिक आचरण और उसके प्रचार में फर्क है और जब तक एक समुदाय का आचरण दूसरे के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करता, उसे संरक्षित किया जाना चाहिए। जस्टिस बीवी. नागरत्ना ने कहा कि धर्म का मूल संबंध मनुष्य और ईश्वर के बीच है, लेकिन सेक्युलर प्रथाओं का क्या होगा? इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि हिंदू धर्म में चार्वाक जैसे नास्तिक दर्शन भी मौजूद हैं, जो इसे एक जीवन शैली बनाते हैं, न कि केवल ईश्वर से संबंध। सिंघवी ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिगंबर जैन मुनियों या कुंभ में नग्न नागा साधुओं की परंपरा को सामान्य सामाजिक नैतिकता के आधार पर नहीं परखा जा सकता, क्योंकि यह उनके धर्म का मूल हिस्सा है।

# देश में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहीं

गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारों को किया सूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है। यह घोषणा गृह मंत्रालय द्वारा इस महीने की शुरुआत में आयोजित उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की गई, जो 'वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार की गई राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना के तहत की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी एक आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद पूरी हुई व्यापक सुरक्षा समीक्षा से यह स्थापित हुआ है कि देश का कोई भी जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मार्च को संसद को सूचित किया था कि भारत माओवादियों से मुक्त है। वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने के लिए केंद्र द्वारा निर्धारित समयसीमा 31 मार्च को समाप्त हो जाने के मद्देनजर की गई थी। मंत्रालय ने कहा, भारत का नक्सली हिंसा से मुक्त होना केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के निरंतर और समन्वित प्रयासों से प्राप्त एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



### विरासत और विकास जिला

गृह मंत्रालय ने अपने नवीनतम पत्र में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को सूचित किया है कि 37 जिलों को 'विरासत और विकास जिलों' के रूप में वर्गीकृत किया गया है जबकि एक जिले को 'चिंताजनक जिला' घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि इन 38 जिलों को सुरक्षा और विकास प्रयासों में निरंतरता की आवश्यकता है क्योंकि ये जिले कई वर्षों से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे।

**नासिक टीसीएस कांड : हिंदू महिला के रोजा रखने से हुआ खुलासा**

# पुलिस ने कोवर्ट ऑपरेशन चलाया...पता चला कि वहां यौन शोषण हो रहा था, धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था

एजेंसी ▶▶| नासिक

महाराष्ट्र के नासिक स्थित टाटा कंस्लटेंसी सर्विस (टीसीएस) के बीपीओ कार्यालय में सामने आए यौन शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन मामले में कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं । इस पूरे मामले की शुरुआत फरवरी में हुई, जब एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता ने नासिक सिटी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि टीसीएस के बीपीओ यूनिट में काम करने वाली एक हिंदू महिला रमजान का रोजा रख रही है। पुलिस ने टीसीएस कार्यालय में एक कोवर्ट ऑपरेशन चलाया। चार पुलिसकर्मियों ने हाउसकीपिंग स्टाफ बनकर ऑफिस में एंट्री ली और कर्मचारियों के बीच हो रही गतिविधियों पर नजर रखी। करीब दो हफ्ते तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। जांच में सामने आया कि कंपनी के कुछ टीम लीडर अपने सहकर्मियों के साथ यौन शोषण, रेप और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने जैसी गतिविधियों में शामिल थे।



पुलिस की कस्टडी में आरोपी को ले जाते हुए


**टीसीएस का बयान**

### हमने संबंधित कर्मचारियों को निलंबित किया

टीसीएस की तरफ से इस मामले पर बयान जारी किया गया है। कंपनी ने कहा है कि वह किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या दबाव के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति रखती है। कंपनी ने यह भी कहा कि जैसे ही मामला सामने आया, संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया और जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। टीसीएस की मुख्य परिचालन अधिकारी आरती सुब्रमण्यम ने कहा है कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।







डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

यकृत (लिवर या जिगर) हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का माध्यम भी यही है। ऐसे में अगर इसकी प्रॉपर केयर न की जाए तो कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। अनहेल्दी लिवर के क्या लक्षण होते हैं, इनसे कैसी समस्याएं हो सकती हैं और लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

# लिवर हेल्थ न करें इग्नोर हो सकती हैं गंभीर प्रॉब्लम्स









आज के दौर में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खासकर गलत खान-पान के कारण अनेक लोगों के लिवर पर बुरा असर पड़ रहा है। यही कारण है कि इन दिनों हर आयु वर्ग के लोगों में लिवर से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में लिवर हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है।

## अनहेल्दी लिवर के लक्षण

हालांकि कुछ लोगों के लिवर में खराबी से संबंधित लक्षण देर से सामने आते हैं। लेकिन अगर आप यहां बताए जा रहे लक्षणों में से कुछ को महसूस करते हैं और आपको लंबे समय तक समस्या हो रही है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

- समय पर या अच्छी तरह दिन में दोनों वक्त भूख न लगना या धीरे-धीरे इसका आकार कम होते जाना।
- पेट में कुछ अंतराल पर या फिर लगातार दर्द होना।
- कुछ अंतराल पर या लगातार पेट में सूजन होना।
- बिना किसी वजह के शरीर का वजन कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- कई दिनों तक बुखार का बना रहना।
- बिना अधिक परिश्रम किए थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण सामने आना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- हमेशा जी मिचलाते रहना।
- अकसर दस्त की समस्या होना।

## लिवर से संबंधित मेन प्रॉब्लम्स

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

## लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है। लिवर कैंसर के ये प्रमुख कारण हो सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी। फैटी लिवर डिजीज और एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**ऐसे करें बचाव:** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस-बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस-सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है।



अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लाइलाज नहीं है लिवर कैंसर:** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए भी इलाज किया जा सकता है।

## लिवर सिरोसिस

लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है। खून की वॉमिट होना, आंत में रक्त स्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का असामान्य बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'असामान्य होना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**इन पर करें अमल:** लिवर सिरोसिस से ग्रस्त होने पर शराब का सेवन (अगर करते हैं) तुरंत छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण मरीज की जीवन अवधि बढ़ सकती है।

## फैटी लिवर

अगर लिवर में अत्यधिक वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है।

**फैटी लिवर के प्रकार:** यह दो प्रकार का हो सकता है- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज।

**प्रमुख लक्षण:** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**कारण:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अस्वास्थ्यकर खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण होता है। जो लोग जंक फूड्स व अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है।

इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्क:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है-

- जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मधुमेह से ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए।
- जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम में सबसे पहले शराब छोड़ना जरूरी है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं। फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10 प्रतिशत तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते, समस्या बनी रहती है तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

### लिवर को ऐसे रखें स्वस्थ



**मोटापा आपके** लिवर हेल्थ के लिए हार्मफुल है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांच:** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरी:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर बुरा असर डालते हैं।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रित:** जो लोग डायबिटिक हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइल:** इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें।

जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है।

## हेपेटाइटिस की समस्या

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस, वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी और हेपेटाइटिस-ई।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1 प्रतिशत मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इनसे ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस-ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस-बी:** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस-सी:** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस-डी:** जिन लोगों को हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस-डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर के लिए नुकसानदेह है।
- ट्रांस फैट्स से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी आवाज का रखें ध्यान





विचारों की अभिव्यक्ति से लेकर मनोभावों को जताने तक आवाज जरूरी है। बावजूद इसके आवाज की केयर को लेकर सजगता बहुत कम लोगों में होती है। इस बारे में मेडिकल सलाह लेने को लेकर ज्यादातर सोचा ही नहीं जाता है। हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला **वर्ल्ड वॉयस डे,** ना केवल आवाज के महत्व को समझने बल्कि उचित देखभाल के लिए सजग करने से भी जुड़ा है। इस खास दिन पर पूरी दुनिया में वॉयस रिलेटेड परेशानियों के ट्रीटमेंट और प्रिवेंशन के तरीकों पर चर्चा होती है।

**बोलते समय रखें ध्यान:** आमतौर पर हम औपचारिक मीटिंग या मेलजोल में ही आवाज के पिच का ध्यान रखते हैं। आम जिंदगी में तीखे या तेज स्वर में बोलने के तरीके पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। जबकि आवाज की सुरक्षा के लिए बहुत तेज बोलने से परहेज करना सबसे जरूरी है। साथ ही बहुत लंबे समय तक बोलने से भी बचना चाहिए। अगर बोलना जरूरी ही हो तो बीच में पानी पीते रहें। गले को हाइड्रेट रखने से आवाज को नुकसान नहीं पहुंचता। वोकल कॉर्ड्स को स्वस्थ रखने के लिए गले को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है।

**स्पेशलिस्ट की लें हेल्प:** किसी भी तरह का वॉयस डिसऑर्डर आम जिंदगी में कम्युनिकेशन और दूसरी एक्टिविटीज को गहराई से प्रभावित करता है। बचपन से ही किसी को बोलने या उसकी आवाज में परेशानी है तो स्पीच लैंगवेज स्पेशलिस्ट की भी हेल्प ली जा सकती है। ये वॉयस डिसऑर्डर्स का कारण बनने वाले फैक्टर्स को समझने और हेल्दी वॉयस बनाए रखने के तरीकों के स्पेशलिस्ट होते हैं।

**ऐसे रखें वॉयस का खयाल:** धूम्रपान, शराब का सेवन और ऊंचे स्वर में बोलना आवाज को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें हैं। तंबाकू के धुएं से वोकल कॉर्ड्स में जलन और सूजन की समस्या होती है। निकोटीन और दूसरे केमिकल्स मुंह, नाक, गले और लंग्स की सेहत बिगाड़ते हैं। आवाज अच्छी रखने के लिए ऑर्गंस के इस पूरे सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। ध्यान रहे कि मसालेदार खाने, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कैफीन युक्त पेय यानी चाय-कॉफी के अधिक सेवन से भी वॉयस हेल्थ पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण से भी आवाज को नुकसान पहुंच रहा है। वक्त रहते ध्यान ना देने और नुकसान पहुंचाने वाली आदतों को जारी रखने से आवाज अचानक बंद हो जाने की स्थिति भी बन जाती है। बढ़ते पॉल्यूशन के बीच नियमित स्टीम लेना भी वॉयस हेल्थ सही रखने में मदद करता है। इस तरह आपकी आवाज अच्छी बनी रहेगी। *

---

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ खाने-पीने में जब गले में हो दर्द



**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक हो सकती है?**

**-पुनीत, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत हो रहा है। इस वजह से वायरल संक्रमण की समस्या तमाम लोगों में देखी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है तो आपको गर्म पानी में नमक डालकर सुबह-शाम गरारा करना चाहिए। अगर इससे आराम नहीं मिलता तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। फिलहाल आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं दिन भर में 8-10 ग्लास पानी पी लेता हूं, फिर भी मेरा गला बार-बार सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आयुष, रायपुर**

यह समस्या आपको पूरे साल रहती है या केवल गर्मियों में रहती है, आपने यह नहीं बताया। क्योंकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है और प्यास लगने पर गला सूखता है। लेकिन गर्मियों में ही यह समस्या देखी जाती है। अगर गर्मियों में ही ऐसा होता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर पूरे साल ऐसा लगता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा आता रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? बताएं, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कौशल, हिसार**

यह समस्या आपको क्यों हो रही है, सबसे पहले इसका कारण ढूंढ़ना जरूरी है। आप यह देखें कि पिछले कुछ समय में जीवन में ऐसा क्या खास हुआ है? जो भी नई समस्या आई है तो उसका समाधान निकालें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे आपको प्रॉपर गाइड करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क करे, अपने मन से कोई भी दवाई ना खाएं।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। रोज सुबह जब मैं सोकर उठता हूं तो कुछ देर तक पीठ और कमर में जकड़न फील होती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-महेंद्र, ईमेल से**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी मसल्स कमजोर होती हैं। उनको सुबह उठने पर अकड़न रहती है। इससे निजात पाने का स्थाई तरीका यह है कि आप सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। इसके लिए आपको किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। साथ ही दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स का सेवन अधिक से अधिक करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मुझे पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है और सांस लेने में भी प्रॉब्लम हो रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले वो भी छोड़ चुका हूं। फिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्लीज मेरी प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जसवीर, रोहतक**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि पहले आप स्मोक करते थे। कई बार ऐसे लोगों को लंग्स में दिक्कत हो जाती है। कई बार हार्ट में प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा होता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**





# बोदलवंडी में अतिक्रमण हटा, 55 घर टूटे आदिवासियों ने मारपीट का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी/नगरी

**20 साल से बसे परिवारों के मकान और फलदार पेड़ तोड़े गए**

ग्राम बोदलवंडी में वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब गंभीर विवाद का रूप ले चुकी है। जहां एक ओर विभाग इस कार्रवाई को नियमानुसार बता रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित ग्रामीणों ने कार्रवाई के दौरान मारपीट और अमानवीय व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए पूर्व में संबंधित परिवारों को नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद बीते 15 अप्रैल को विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान लगभग 55 आदिवासी परिवारों के मकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कई घरों को तोड़ा गया और अंदर रखे घरेलू सामान जैसे बर्तन, कपड़े, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुएं बाहर निकाल दी गईं। इससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और कई लोग अचानक बेघर हो गए।



### ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद बोदलवंडी के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हम वहां से हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण हटाया गया : डीएफओ जाधव

डीएफओ कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमित स्थल खाली नहीं करने पर वनमंडल के डीएफओ जाधव श्रीकृष्ण के नियंत्रण में एवं प्रशिक्षु भारतीय वनसेवा की अधिकारी सुश्री मृगजा जालिंदर यादव वनपरिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण सिंगपुर के कुशल नेतृत्व में एवं राजस्व एवं पुलिस बल के संयुक्त कार्यवाही से अतिक्रमित वनभूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त किया गया। इस कार्यवाही में एसएस नाविक, संयुक्त वनमंडलाधिकारी बिरगुड़ी, मनोज विश्वकर्मा, संयुक्त वनमंडलाधिकारी धमतरी एवं वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों के संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टीरेंजर, सीएफओ, बीएफओ, वन चौकीदार एवं वनप्रबंधन समिति, पालगांव व अन्य की इस कार्यवाही में सामूहिक भागीदारी रही।

### महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया

घटना को लेकर सनसनीखेज आरोप यह सामने आया है कि कार्रवाई के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों एवं पालगांव वन समिति के ग्रामीणों द्वारा बोदलवंडी के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें इतनी बेरहमी से मारा गया कि कई लोगों के कपड़े तक फट गए और कुछ को घसीटते हुए पीटा गया। ग्रामीणों के अनुसार, पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया और कई लोगों को लाठी-डंडों से मारा गया। कुछ लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

# सूचना आयोग में चयन प्रक्रिया के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में प्रावधानों का पालन नहीं करने का दावा करते हुए एक याचिका दायर की गई है। प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पी पी साहू जस्टिस की बेंच ने शासन को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।



राजनांदगांव निवासी प्रदीप शर्मा की ओर से अधिवक्ता अली असगर ने दायर याचिका में बताया है कि चयन प्रक्रिया में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जो पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती हैं। नियुक्ति मे सुप्रीम कोर्ट मे नमित शर्मा और अंजलि भारद्वाज केस मे दिए निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट भर्ती प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2024 में दो उम्मीदवारों को सूचना आयुक्त पद के लिए पहले अयोग्य माना गया, लेकिन मात्र छह महीने के भीतर उन्हें योग्य घोषित कर सूचना आयोग में चयनित कर लिया गया।

### प्रशासनिक दृष्टि से अनुचित प्रक्रिया

याचिका में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्य सूचना आयुक्त पद के उम्मीदवार का इंटरव्यू उनके अधीनस्थ, अतिरिक्त मुख्य सचिव गण एवं सर्च कमेटी के सदस्यों द्वारा लिया गया, जो प्रशासनिक दृष्टि से अनुचित है। जबकि तमिलनाडु और महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों मे रिटायर्ड हाईकोर्ट जज को सर्च कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था, जबकि छत्तीसगढ़ में अध्यक्ष और सभी सदस्य ब्यूरोक्रेट्स थे। इसके अलावा, संबंधित अधिकारी ने मुख्य सचिव पद पर रहते हुए ही मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए इंटरव्यू दिया, हालांकि इसके लिए विभागीय अनुमति और अवकाश लिया गया था।

### नवागढ़ के नपं अध्यक्ष को हटाने पर रोक

हाईकोर्ट ने नगर पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ जिला बेमेतरा को हटाने के आदेश के प्रभाव एवं प्रचलन पर रोक लगा दी है और और कार्य करते रहने का आदेश दिया है।

याचिका के मुताबिक नगर पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ सिद्धांत चौहान का चुनाव सीधे जनता के द्वारा 15 फरवरी 25 को किया दया था। 8 मार्च को हुई पहली बैठक में उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसके बाद 11 मार्च को प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया। कुछ दिनों बाद लेकिन प्रेसिडेंट इन काउंसिल के सदस्यों द्वारा इस्तीफा दे दिया गया जिसे अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने अस्वीकार कर दिया। इसके पश्चात नगर पंचायत नवागढ़ के विभिन्न कार्यों का संपादन नियमानुसार सिद्धांत चौहान के द्वारा किया गया। हालांकि पार्षदों द्वारा असहयोग किए जाने पर निर्माण व आवश्यक कार्यों से संबंधित सभी प्रस्ताव सामान्य सभा में प्रस्तुत किए गए और कोरम पूर्ण नहीं होने पर एडजर्न मीटिंग में उन सभी प्रस्तावों को पास किया गया।

# अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन के दौरान बैंक में बवाल, 90 लोगों का पंजीयन

**पीएनबी बैंक में दोपहर के समय हुआ विवाद पुलिस टीम बुलाने के बाद सुधरे हालात**

**राजनांदगांव।** बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए पंजीयन की प्रक्रिया देशभर में चार बैंकों के जरिए की जा रही है। जिले में बुधवार को पंजीयन के पहले ही दिन पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे लोगों के बीच जमकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया था कि मौके पर पुलिस तक को बुलाना पड़ा, जिसके बाद जाकर स्थिति सामान्य हो पाई। पंजीयन के लिए ऑफलाइन आवेदन लेकर करीब सौ की संख्या में लोग पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे हुए थे। पहले चरण में रायपुर से आए लोगों का पंजीयन किया गया, जिसके बाद राजनांदगांव के रहवासियों की बारी आई। इसी बीच रायपुर से आए एक व्यक्ति कतार में लगने की बजाए बैंक के एक अफसर के सहारे सीधे पंजीयन के लिए जाने लगा। जिसको लेकर कतार में लगे लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया, जिसके बाद मौके पर माहौल गर्मा गया।



### स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जरूरी

बताया गा कि बाबा अमरनाथ की यात्रा तीन जुलाई से शुरु होगी जो 57 दिन की होगी। यात्रा रक्षाबंधन वाले दिन 28 अगस्त को संपन्न होगी। इस यात्रा के लिए एडवांस पंजीकरण ऑनलाइन व ऑफलाइन शुरु हो गए है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए देश भर में चार बैंकों की 554 शाखाओं में पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इनमें जम्मू कश्मीर बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व यस बैंक की शाखाएं शामिल हैं।

# दबंगों के हमले से घायल ग्रामीण लापता पत्नी और बेटी ने भागकर बचाई जान

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बड़गांव (बदरंगी) में जमीन विवाद को लेकर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक ही गांव के आधा दर्जन दबंगों ने एकजुट होकर एक ग्रामीण के घर पर धावा बोल दिया। हमले के बाद से पीड़ित व्यक्ति लापता है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़िता राजेश्वरी कोमरा ने आपबीती सुनाते हुए पुलिस को बताया कि घटना 13 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे की है। गांव के ही प्रभु राम आंचला, ललित आंचला, सुनील हिड़को, दासू सलाम, गांडो हुर्रा और देवनाथ कोमरा एक राय होकर हाथों में लाठी-डंडा लेकर आए। हमलावरो ने मेरे पति नोहरू को जान से मार देंगे, इसे गांव में जमीन नहीं देंगे चिल्लाते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। भयभीत होकर पति नोहरू राम और बेटी रेणुका ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, लेकिन हमलावरों ने दरवाजा लात से तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। घर के अंदर घुसकर आरोपियों ने नोहरू राम को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।



### छह के खिलाफ मामला दर्ज

पीड़िता ने थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मारपीट के बाद मेरा पति लापता है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रभु राम आंचला, ललित आंचला, सुनील हिड़को, दासू सलाम, गांडो हुर्रा व देवनाथ कोमरा के खिलाफ धारा 115 (2), 190, 191 (2), 191 (3), 296, 324 (2), 333, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# व्यापारी ने परिवार सहित जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय कवर्धा से एक बेहद चौंकाने वाली और दुखद घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। नगर के एक युवा व्यापारी ने कथित तौर पर भारी आर्थिक दबाव और लेन-देन के विवाद से परेशान होकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जहर का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। घटना के बाद सभी पीड़ितों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्यापारी योगेश जैन का विभिन्न लोगों के साथ करीब 3 करोड़ रुपए का लेन-देन चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस रकम की वसूली को लेकर कई लोग लगातार उन पर दबाव बना रहे थे। तगादेदारों द्वारा बार-बार फोन कॉल, घर आकर दबाव बनाना और यहां तक कि जान से मारने की धमकी देने जैसी बातें भी सामने आई हैं।

- करीब तीन करोड़ का था कर्जा तीन पेज का सुसाइड नोट



### परिवार के बयान का इंतजार

व्यापारी के परिवार सहित आत्महत्या की कोशिश की गई है। सभी के जहर सेवन की जानकारी मिली है,उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया है, व्यापारी व उसके परिवार के सदस्यों का बयान लेने का प्रयास किया है, लेकिन उनकी स्थिति बयान देने के हालत में नहीं थी। तीन पेज का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें एक व्यक्ति को लेकर आरोप लगाए गए है, ये सब जांच का विषय है।



भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर
(पूर्वी द्वार संख्या 10),
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

**भारतीय खेल प्राधिकरण में सहायक कोचों की नियुक्ति के लिए आवेदन**

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन, भारतीय खेल प्राधिकरण (भा. खे. प्रा.), 26 खेलों (एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कैनोइंग और कयाकिंग, साइकिलिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक्स, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, लॉन टेनिस, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, सेपकटकराव, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती और वुशु) में सहायक कोचों के 323 पदों (वेतन बैंड 9300-34800 रुपये + 4200 रुपये सकल भत्ता) को भरने के लिए योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. पात्रता मानदंड और अन्य विवरण भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध हैं।

3. ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण शुरू होने की तिथि 23.03.2026 (सुबह 10:00 बजे)

4. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 (शाम 5:00 बजे)

CBC 47103/12/0003/2627 ED-HRD, SAI

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
मुख्य कार्यालय, द्वार सं. 10 (पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम लोधी रोड़, नई दिल्ली- 110003

F.No. 01-04001 (03)/1/2026-6601/233 Date: 25-03-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण भर्ती प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक निदेशक पद**

भारतीय खेल प्राधिकरण, जो Ministry of Youth Affairs and Sports के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, द्वारा सहायक निदेशक (Assistant Director) के 30 पदों पर प्रतिनियुक्ति (Deputation) के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये पद पे मैट्रिक्स लेवल-10 में भरे जाएंगे तथा नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 01 वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे आवश्यकता एवं उधार लेने वाले विभाग में रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर एक-एक वर्ष के लिए अधिकतम 03 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। चयनित अधिकारियों की तैनाती SAI के मुख्यालय, नई दिल्ली तथा विभिन्न फील्ड यूनिट्स में की जा सकती है। इच्छुक एवं पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों सहित, निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग - 1), भारतीय खेल प्राधिकरण, जे. एन. स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 22-04-2026 को शाम 5:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रपत्र एवं अन्य निर्देश SAI की आधिकारिक वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

CBC 47103/12/0001/2627

CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPEMENT CORPORATION LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
REGD.OFFICE: SECTOR 24, BLOCK NO. 07 A, THIRD FLOOR, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR (C.G.)-492015

e-Tender No.:- **MLS/Raipur/Operations/1/26-27/ET/1 [EMPANELMENT SERVICE PROVIDER]** Date 16.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online and sealed tenders are invited from experienced parties for **"Empanelment of Service Providers for Supply, Installation and Operations of Smart Check-Gates in Chhattisgarh"**.

1. The Tender Document will be available for download at the cost of **RS. 50,000 + RS. 9,000 (18% GST) (TOTAL RS. 59,000) (RUPEES FIFTY-NINE THOUSAND ONLY)**. The Tender Document can be viewed and downloaded from the website of MSTC Ltd namely https://mstcecommerce.com/eprocn/ from **16/04/2026 to 18/05/2026 up to 3.00 P.M.** against payment of the above cost of Tender Document. Bidders shall not be allowed to bid without paying the above- mentioned Tender Fee. The cost of the Tender Document is non-refundable.
2. For clarification of the issues related to the tender pre bid conference will be held in CMDC's H.O. on **28/04/2026 at 3.00 P.M.**
3. The last date for online submission of Technical Bid and Commercial Bid is **18/05/2026 up to 3.00 P.M.** The original hard copies of the Technical Bid only should be submitted to the CMDC's office on or before **18/05/2026 up to 3.00 P.M.** Technical Bid will be opened on the same day at **4.00 P.M.** at CMDC's Head office, Sector 24, Block No. 07 A, Third Floor, Atal Nagar, Nava Raipur (Chhattisgarh)-492015. For further clarifications Chief General Manager, CMDC, Raipur may be contacted at 0771-2960539 (E-mail: cmdcraipur@gmail.com).
4. Notice Inviting Tender (NIT) and Tender at a glance can be viewed and downloaded from the CMDC's website www.cmdc.co.in
5. Notice Inviting Tender is in brief. For further details, the Bidder shall refer the Tender Document.

S-47520/2 **Managing Director**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र. 01 से 02 हेतु दिनांक **27.04.2026**, सरल क्रं. 3 से 6 हेतु दिनांक **04.05.2026** तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | सेलर बरभांठा मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-2457** | 126.30 |
| 2 | 2 | जिला मुंगेली के अंतर्गत विकासखण्ड लोरमी में डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी, हाई स्कूल भवन खेकतरा, हाई स्कूल भवन सुकली एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन कोतरी का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या 67-2059** | 66.05 |
| 3 | 3 | जिला बिलासपुर के लिम्हा से बरपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी.। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-2457** | 101.61 |
| 4 | 4 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.खं. तमनार के शासकीय महाविद्यालय तमनार में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या 8443 जमा कार्य** | 53.23 |
| 5 | 5 | जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के झरन में उरांव समाज के लिए सामुदायिक भवन निमार्ण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या 8443 जमा कार्य** | 43.75 |
| 6 | 6 | जिला रायगढ़ के ग्राम भुईयांपानी परिसर में स्थित सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या 8443 जमा कार्य** | 22.32 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

G-262700176/2

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

# अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच 9 लाख 84 हजार भारतीयों की हुई सुरक्षित वतन वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध की 28 फरवरी 2026 को हुई शुरुआत से लेकर अब तक पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र से भारत के कुल 9 लाख 84 हजार नागरिक सुरक्षित ढंग से स्वदेश पहुंच गए हैं। जबकि अकेले ईरान में सड़क मार्ग से सीमा पार करने वाले लोगों की संख्या 2 हजार 323 तक पहुंच गई है। जिसमें 1 हजार 28 छात्र और 657 मछुआरे भी शामिल हैं। जल्द ही यह सभी स्वदेश लौटेंगे। वहीं, तनाव के बीच केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के प्रयासों की मदद से अब तक इलाके से कुल करीब 2 हजार 337 नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। यह जानकारी पश्चिम-एशिया के मामले पर बुधवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल, मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम.आर.महाजन और केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के एक अधिकारी ने दी है।

**खास बात**

- केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय की मदद से अब तक संकटग्रस्त क्षेत्र से देश लौटे 2 हजार 337 नाविक

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच जयशंकर की दो टूक, व्यापारिक जहाजों पर हमले बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका द्वारा की गई नाकेबंदी से दुनियाभर के वाणिज्य पर बढ़ते दबाव के बीच बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बेहद सख्त अंदाज में एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत समुद्री जहाजों के सुरक्षित और निर्बाध आवागमन के सिद्धांतों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। साथ ही उसे किसी भी सूरत में व्यापारिक जहाजों पर किए जा रहे हमले स्वीकार नहीं हैं। वह इनकी कड़ी निंदा करता है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने जापान में आयोजित की गई 'एजेक प्लस' की बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए दी है। जिसका उल्लेख जयशंकर ने अपनी एक 'एक्स' पोस्ट के जरिए किया है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की, जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उन्हें दबोच लिया।

## आनंदपुर साहिब : बस पलटी, आठ श्रद्धालुओं की मौत

**चंडीगढ़।** आनंदपुर साहिब से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पलट गई, जिससे उसमें सवार आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे बस्सी पठाना के मोरिंडा-चुन्नी रोड क्षेत्र में हिम्मतपुरा के पास हुई। बस में सवार सभी श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब के मेन माजरी के निवासी थे और बैसाखी के अवसर पर रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब से मत्था टेकने के बाद लौट रहे थे। फतेहगढ़ साहिब के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शुभम अग्रवाल ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वाहन में कुछ खराबी आ गई होगी। बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे।

## आरजेडी प्रवक्ता कंचना प्रियंका भारती के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** आरजेडी की दो प्रवक्ताओं प्रियंका भारती और कंचना यादव के खिलाफ नोएडा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज (एफआईआर) दर्ज की है। दोनों प्रवक्ताओं पर आरोप है कि मध्य प्रदेश में पुलिस द्वारा एक व्यक्ति की पिटाई को इन लोगों ने नोएडा में श्रमिक आंदोलन से जोड़ा और एक्स पर पोस्ट डालकर माहौल को भड़काया। पुलिस ने दो प्रवक्ताओं प्रियंका भारती और कंचना यादव के खिलाफ कथित तौर पर भ्रामक वीडियो साझा करने और उन्हें नोएडा की घटनाओं से गलत तरीके से जोड़ने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि इस तरह की सामग्री के प्रसार से शहर के विभिन्न हिस्सों में भय और अविश्वास का माहौल बना।

**सरनेम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती विजया यादव, पति दीपक यादव, निवासी डी.डी. नगर रायपुर मेरा विवाह दिनांक 13.05.2014 को दीपक यादव, के साथ संपन्न हुआ विवाह के पूर्व मेरा नाम कु. विजया पराते था विवाह उपरांत मैंने आधार कार्ड व पेन कार्ड में अपना सरनेम परिवर्तन करा लिया है। वर्तमान में मुझे श्रीमती विजया यादव के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**विजया यादव**
**कंचन अश्व परिसर**
**डी.डी. नगर, रायपुर**
**छत्तीसगढ़**

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.**
**fax # 0651-2400483 e-mail :** cesp.jseb@rediffmail.com/**gmsp.jbvnl@rediffmail.com**

**CORRIGENDUM NOTICE**

Date & timeline for **NIT 14/PR/JBVNL/2026-27** shall be read as in following manner :

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/PR/JBVNL/2026-27 33 KV Metering Unit of different ratio (-/1A) | Rs 10000/- + GST | 16/04/2026 from 13:00 Hrs. | 16/04/2026 from 13:10 Hrs. | 16/04/2026 from 13:20 Hrs. | 07/05/2026 upto 18:00 Hrs. | 08/05/2026 at 18: 00 Hrs. |

PR No.377096

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy.General Manager (P)

PR.NO.377514 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं०–1 गिरिडीह
E-mail : eedwsd.giridih1@gmail.com

पत्रांक :– .339 /दिनांक 15.04.2026

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह के अंतर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना सं0– DWSD/Cluster/GIRIDIH-1/03/2026-27 दिनांक 08.04.2026 जिसका PR No- 377251 है, जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथियों (कंडिका 2, 3, 4 एवं 5) में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15-04-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक | 22-04-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 29-04-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक | 06-05-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29-04-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक | 06-05-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 30-04-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक | 07-05-2026 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |

नोट:– (1.) निविदा की अन्य कंडिका, नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।
(2.) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
संख्या–01, गिरिडीह।

PR.NO.377577 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGH E-BIDDING**

E-tenders are invited **experience & Eligible Contractors** Hiring Of Vehicle for Three Years new SUV (Earlier Jeep) category and Equivalent with one driver or maximum 3 year old and having total run not exceeding 60000 Km. The vehicle required on hire should be white in color and well maintained, well constructed with good quality of seat cover, foot mating & interiors etc. Hired vehicle should be registered & shall have comprehensive Insurance. The maintenance cost, commercial Tax and insurance, wages ofdriver, cost of fuel-Lubricants, repair and maintenance and other liabilities shall be on the contractor side but excludin GST.: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD Amount | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2026_03 Dt. 15.04.2026 RFX No. 8100050831 | Hiring of Vehicle for **EE City Dn. Construction CSPDCL Raipur.** 1. Rate for Monthly run 1st 1500 Km. 2. Rate for extra run beyond 1500 Km. (Rs. Per Km.) 3. Rate to be deducted for running less than 1500 Km. (Rs. To be deducted.) | 1900000/- | 19000/- | Dt. 05.05.2026 upto 02:30 PM | Dt. 05.05.2026 upto 03:00 PM |
| 2. | TR-2026_04 Dt.15.04.2026 RFX no. 8100050833 | Hiring of Vehicle for **EE Vigilance CSPDCL Raipur.** 1. Rate for Monthly run 1st 2000 Km. 2. Rate for extra run beyond 2000 Km. (Rs. Per Km) 3. Rate to be deducted for running less than 2000 Km. (Rs. To be deducted). | 2100000/- | 21000/- | Dt.05.05.2026 upto 02:30 PM | Dt. 05.05.2026 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

**कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत कसनिया डिपों में होने वाले ई-नीलाम के लिये प्रस्तावित जांजगीर चाम्पा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गये वनोपज के नीलाम हेतु मात्रा की जानकारी**

नीलाम दिनांक 22.04.2026

| अ.क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | लट्ठा | | बल्ली/डेंगरी | | जलाऊ | बांस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो. टन |
| 1 | निस्तार डिपो सक्ती | अन्य | 56 | 9.233 | | | | | |
| | | सागौन | 130 | 10.566 | 12 | 0.240 | | | |
| | | साल | 14 | 1.828 | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 57 | | |
| 2 | अकलतरा डिपो | सागौन | 29 | 3.846 | 384 | 3.127 | | | |
| | | नीलगिरी | | | 739 | 8.671 | | | |
| | | सतकठा | | | | | | | |
| | | औद्यो. बांस | | | | | | 70 | 0.044 |
| 3 | जांजगीर | सागौन | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | | | |
| | | अन्य | 184 | 26.511 | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 114 | | |
| 4 | पतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | | | | | |
| | | साजा | 45 | 9.337 | | | | | |
| | | अन्य | 30 | 4.174 | | | | | |
| | | हल्दू | 8 | 1.059 | | | | | |
| | | बीजा | 4 | 0.572 | | | | | |
| | | साल | 39 | 6.045 | 6 | 0.027 | | | |
| | | सागौन | | | 6 | 0.101 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 1 | | |
| योग | | | 683 | 94.975 | 1151 | 12.212 | 172 | 70 | 0.044 |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व MSTC E-Commerce Portal में रजिस्ट्रेशन में करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदारों को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत EMD की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो MSTC E-Commerce Portal में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

G-262700178/3

वनमण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

IIM BODH GAYA

IIM JAMMU

**संयुक्त एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा (जिपमैट)- 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA), शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए, IIM बोधगया और IIM जम्मू में, प्रबंधन में 5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम में प्रवेश हेतु **जिपमैट-2026** का आयोजन, निम्नलिखित विवरण के अनुसार करेगी:

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 16 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक) |
| ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि | 11 मई 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक) |
| विवरण में सुधार की तिथि | 12-14 मई 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक) |
| परीक्षा की तिथि | 07 जून 2026 |
| परीक्षा का समय | दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक |
| परीक्षा की पद्धति | कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) |
| प्रश्नपत्र का प्रारूप | बहुविकल्पीय प्रश्न |

परीक्षा की योजना/अवधि/माध्यम/पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, अस्थायी प्रवेश सीटों का आरक्षण, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियां आदि का उल्लेख https://exams.nta.nic.in/jipmat/ पर प्रदर्शित सूचना विज्ञप्ति में किया गया है। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी जिपमैट-2026 के विस्तृत सूचना विज्ञप्ति को पढ़ें और https://exams.nta.nic.in/jipmat/ पर ऑनलाइन आवेदन करें। अभ्यर्थी संबंधित आईआईएम की पात्रता मानदंडों की जांच अवश्य करें।

अभ्यर्थियों को NTA की वेबसाइट https://exams.nta.nic.in/jipmat/ के निरंतर संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। अभ्यर्थी, NTA को jipmat@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकते हैं या 011-4075 9000 पर कॉल भी कर सकते हैं।

CBC 21354/11/0001/2627

Sd/-
निदेशक

**राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद (एनसीबी)**
**प्रवेश सूचना**
**सीमेंट प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा 2026-27**
(एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित)

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन, डीपीआईआईटी के प्रशासनिक नियंत्रण में स्थित एनसीबी, सीमेंट और निर्माण उद्योगों के लिए अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, परामर्श और प्रशिक्षण प्रदान करता है।

एनसीबी बल्लभगढ़ में एक वर्षीय (अगस्त 2026 से जुलाई 2027 तक) सीमेंट प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पाठ्यक्रम का नाम | न्यूनतम योग्यता | वार्षिक शुल्क |
|---|---|---|
| सीमेंट प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | एमएससी (विशेष रूप से रसायन विज्ञान) या बी.ई./बी.टेक (विशेष रूप से रासायनिक अभियांत्रिकी/सीमेंट प्रौद्योगिकी) | **स्वयं प्रायोजित उम्मीदवार** 90,000 रुपये (शिक्षण शुल्क, सिम्युलेटर प्रशिक्षण और संस्थान की सुविधाएं शामिल हैं) **उद्योग प्रायोजित उम्मीदवार** 3,70,000 रुपये (शिक्षण शुल्क, आवास, सिम्युलेटर प्रशिक्षण और अन्य संस्थानिक सुविधाएं शामिल हैं) |

- इच्छुक उम्मीदवार **15 जून 2026** तक आवेदन करें, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी जैसे श्रेणी (सामान्य/ प्रायोजित/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य), पत्राचार का पता, संपर्क नंबर, ईमेल पता, शैक्षणिक योग्यता (कक्षा 10वीं से आगे), कार्य अनुभव (यदि कोई हो) शामिल हो।
- जो उम्मीदवार कार्यरत हैं, उन्हें आवेदन के साथ अपने नियोक्ता से उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र (NOC) जमा करना होगा। प्रायोजित उम्मीदवारों को अपना आवेदन अपने नियोक्ता के माध्यम से भेजना होगा।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग व्यक्तियों आदि के लिए आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगा। आरक्षित श्रेणियों के लिए उपयुक्त प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।
- आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) ₹500/- (केवल पांच सौ रुपये) ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से देय है। अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), दिव्यांग व्यक्तियों, पूर्व सैनिकों और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है।
- भरे हुए आवेदन पत्र की स्कैन की गई प्रति और आवश्यक स्कैन किए गए दस्तावेजों को cceb@ncbindia.com पर ईमेल करें। आवेदन पत्र एनसीबी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार गूगल फॉर्म लिंक https://forms.gle/ntJ6BKuB8Eq859MEA के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

उम्मीदवारों को नवीनतम जानकारी के लिए एनसीबी की वेबसाइट https://www.ncbindia.com/ncb-cce-events.php पर जाने की सलाह दी जाती है। आगे की जानकारी/शुद्धिपत्र/संशोधन/परिवर्तन (यदि कोई हो) केवल एनसीबीएम की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा और उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार (केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के साथ) पर आधारित होगी।

ऑनलाइन भुगतान का विवरण: स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सीआरआई, सेक्टर 4, फरीदाबाद-121004 में देय 'नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स' के पक्ष में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से; एसबी खाता संख्या: 37301477161; IFSC कोड: SBIN0003794 या गूगल फॉर्म में उपलब्ध यूपीआई के माध्यम से भुगतान करें।

**केंद्र प्रमुख**
सतत शिक्षा सेवा केंद्र
राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद,
34 किमी स्टोन, दिल्ली-मथुरा रोड (एनएच-2),
बल्लभगढ़-121 004, फरीदाबाद, हरियाणा, भारत
फोन: +91-129-2666868/867

CBC 05207/12/0001/2627

**मिडिल ईस्ट विवाद में अब चीन की भी हुई एंट्री**

**चीन ने कहा- आरोप बेबुनियाद और झूठे**

# ईरान की मदद कर रहा चीन, भड़के ट्रंप ने दी परिणाम भुगतने की चेतावनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच अब चीन भी विवाद के केंद्र में आ गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि चीन ईरान को सैन्य मदद देने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन ईरान को हथियार, खासकर एयर डिफेंस सिस्टम या मिसाइल तकनीक मुहैया करा सकता है। इसी आधार पर ट्रंप ने चीन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बीजिंग ने ऐसा किया तो उसे बड़े परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

ट्रंप ने यह भी कहा कि जो देश ईरान को सैन्य सहायता देंगे, उन पर अमेरिका 50% तक टैरिफ लगा सकता है। यह चेतावनी सीधे तौर पर चीन और रूस जैसे देशों के लिए मानी जा रही है। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये सभी आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। चीन ने कहा कि उसने कभी भी ईरान को हथियार देने की नीति नहीं अपनाई है। चीन का कहना है कि वह हमेशा शांति और कूटनीति का समर्थन करता है और किसी भी संघर्ष को बढ़ाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहा है, खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सैन्य गतिविधियों के जरिए।

## अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता फिर शुरू होने की उम्मीदें बढ़ीं

**काहिरा।** संघर्षरत अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत शुरू होने की उम्मीदें उस समय बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'आने वाले एक दो दिन में' पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकाबंदी पूरी तरह से प्रभावी है। ईरान ने भी इलाके में मौजूद लक्ष्यों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि वार्ता का दूसरा दौर 'अगले दो दिनों में' शुरू हो सकता है। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि कूटनीतिक रास्तों से बातचीत बहाल करने के लिए काम हो रहा है और यह बातचीत इस्लामाबाद में हो सकती है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और ईरान और दो सप्ताह युद्धविराम बढ़ाने को लेकर 'सैद्धांतिक रूप से सहमत' हो गए है, जो 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, ताकि कूटनीति समाधान के लिए और समय मिल सके। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि मध्यस्थ तीन मुख्य विवादित बिंदुओं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को युद्ध के दौरान हुए नुकसान के मुआवजे - पर समझौता करने के लिए काम कर रहे हैं।

## चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी।

### नाटो ने होर्मुज नाकाबंदी पर ट्रंप को साथ देने से किया इंकार

ट्रंप ने होर्मुज नाकाबंदी के लिए 10 हजार कमांडो को तैनात किया है। इसी बीच नाटो ने ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, इस नाकाबंदी में साथ देने के लिए ट्रंप ने अन्य देशों का समर्थन मांगा था। काफी दबाव के बाद भी अन्य देशों ने ट्रंप के मिशन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। अब नाटो ने भी ट्रंप को झटका देते हुए नाकाबंदी में शामिल होने से मना कर दिया है।

## जैकेट के शेष

### बायलर विस्फोट में ....

बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी झुलस गए। प्रेशर पाइप फटने के बाद खौलते पानी और भाप का गुबार पूरे एरिया में फैल गया, झुलसने से घटना स्थल पर ही श्रमिकों की मौत हो गई। घटना के बाद झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाल कर खरसिया और रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**मृतकों के परिजन को 35 लाख और नौकरी देने की घोषणा** : वेदांता कंपनी प्रबंधन ने कहा है कि वे प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। दिवंगत श्रमिकों के परिजनों को 35 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं रोजगार सहयोग तथा घायलों को 15 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। घायलों को पूर्ण स्वस्थ होने तक वेतन जारी रहेगा और परामर्श (काउंसलिंग) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### मौके पर पहुंचा ....

उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है।

### नहीं मिल रहा ....

दूसरी ओर अपनों का शव लेने पहुंचे परिजनों को भी किसी तरह की कोई सही जानकारी नहीं दी जा रही थी। ऐसे में परिजन इधर-उधर भटकते नजर आए।

### प्रशासन ने जारी किए ....

6 सुसांत जना (पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल), 7 अब्दुल करीम (झारखंड), 8 उधव सिंह यादव (रायगढ़, छत्तीसगढ़), 9 शेख सैफुद्दीन (हल्दिया, पश्चिम बंगाल), 10 पप्पू कुमार (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश), 11 अशोक परहिया (पलामू, झारखंड), 12 मनस गिरी (पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल), 13 बृजेश कुमार (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश), 14 रामेश्वर महिलांगे (जांजगीर–चांपा, छत्तीसगढ़), 15कार्तिक महतो (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल), 16 नदीम अंसारी (सक्ती, छत्तीसगढ़), 17शिबनाथ मुर्मू (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल)शामिल है।

### छग में भी ....

माना जा रहा है, जिससे धार्मिक और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा।

**इन्हें भी मिलेगी ये छूट** : मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत उन्हें जीवनकाल में एक बार छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर 25 लाख रूपए तक की संपत्ति (भूमि या भवन) क्रय करने पर देय स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा।

**व्यापक सुझाव लिए जाएंगे** : यूसीसी का प्रारुप तय करने के संबंध में उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है, जो राज्य के नागरिकों, संगठनों एवं विशेषज्ञों से व्यापक सुझाव लेकर यूसीसी का प्रारूप तैयार करेगी।

### अब सेवा क्षेत्र .....

एप्रोच रोड का वैधानिक प्रावधान किया गया है। एनबीएफसी सहित वित्तीय संस्थाओं को सम्मिलित करने से उद्योगों के लिए ऋण उपलब्धता के विकल्प बढ़ेंगे।

### 16 साल पुराने ...

नियमों में शामिल किया गया है, जिसके फलस्वरूप ऐसी खदानों का संचालन अनिवार्य रूप से किये जाने की बाध्यता सुनिश्चित हो सकेगी।

### दो डिप्टी सीएम ....

राज्य के इतिहास में यह पहली बार है जब भाजपा के किसी नेता ने मुख्यमंत्री पद संभाला है। सम्राट चौधरी के अलावा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और चिराग पासवान, नीतीश कुमार और राजग के सभी विधायक शामिल थे।

## 'उनके बच्चे सॉलिसिटर जनरल के लिए करते हैं काम'

### जस्टिस स्वर्णकांता पर केजरीवाल का नया आरोप, निष्पक्षता पर उठाए सवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में अतिरिक्त एफिडेविट (हलफनामा) दाखिल किया है। इस हलफनामे में केजरीवाल ने दावा किया है कि जस्टिस स्वर्णकांता के दोनों बच्चों के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अधीन काम करने और उन्हें केंद्र सरकार की ओर से केस आवंटित किए जाते हैं। उनका तर्क है कि तुषार मेहता इस मामले में सीबीआई की ओर से वकील हैं, इसलिए केजरीवाल ने सवाल उठाया है कि जस्टिस शर्मा उनके खिलाफ आदेश कैसे दे सकेंगी। केजरीवाल का कहना है कि ये हलफनामा 9 अप्रैल 2026 को सामने आई एक कानूनी रिपोर्ट के बाद दायर किया गया है। उनका आरोप है कि जस्टिस शर्मा के पुत्र और पुत्री केंद्र सरकार के पैनल वकील के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें वित्तीय लाभ मिल रहा है। केजरीवाल ने इसे हितों के टकराव का प्रत्यक्ष मामला बताते हुए जज से मामले की सुनवाई से अलग होने की मांग दोहराई है।षकेजरीवाल ने सोशल मीडिया रिपोर्ट और आरटीआई से मिली जानकारी को भी अपना आधार बनाया है। उन्होंने दावा किया कि साल 2023 में 2,487 मामले, 2024 में 1,784 और 2025 में 1,633 मामले जज के पुत्र को सौंपे गए थे।

### बच्चों के काम पर उठाए सवाल

केजरीवाल ने अपने हलफनामे में आधिकारिक डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए कहा है कि जस्टिस शर्मा के बेटे ईशान शर्मा सुप्रीम कोर्ट के 'ग्रुप ए' पैनल वकील हैं। जबकि उनकी बेटी शम्भावी शर्मा दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के पैनल में शामिल हैं। केजरीवाल का तर्क है कि ये कोई नाममात्र के पद नहीं हैं, बल्कि केंद्र सरकार के अधीन स्थायी पेशेवर काम हैं। इनमें सरकारी कार्यभार, कोर्ट में उपस्थिति और वित्तीय लाभ शामिल हैं। जो सीधे तौर पर केंद्र सरकार के तंत्र से जुड़े हैं।

### मेहता आवंटित करते हैं केस

कोर्ट में दायर हलफनामे में 13 सितंबर 2022 की अधिसूचना का जिक्र करते हुए बताया गया है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ही पैनल वकीलों को मामले आवंटित करते हैं। केजरीवाल ने कहा कि इस मामले में तुषार मेहता खुद सीबीआई की पैरवी कर रहे हैं और उनके खिलाफ आए 'डिस्चार्ज' आदेश का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में, जब जज के परिवार के सदस्य उसी विधि अधिकारी के माध्यम से काम प्राप्त कर रहे हैं तो निष्पक्षता की धारणा पर गंभीर चोट पहुंचती है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
**दिनांक 10.04.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** सीपीएम–जीएसयू–जबल–ईपीसी–01-2026, दिनांक 10.04.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेलवे स्टेशन का इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण के आधार पर प्रमुख उन्नयन का कार्य (EPC). कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 231,63,00,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 4,63,26,000/-. **समापन अवधिः** 30 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 28.05.2026. **निविदा खुलने का समय 15.30 बजे तिथिः** 02.06.2026. उपरोक्त ई–निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बार्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

***सहायक मण्डल अभियंता, गति शक्ति यूनिट, जबलपुर.***

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## राघव की जगह उपनेता बने मित्तल के घर ईडी रेड

**जालंधर/नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जालंधर और गुरुग्राम में लगभग 10 स्थानों पर फेमा के तहत तलाशी ली गयी। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि इसमें फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का परिसर और गुरुग्राम में स्थित टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं।



■ **आप ने भाजपा पर साधा निशाना**

मित्तल (61) को हाल में राज्यसभा में 'आप' का उपनेता नियुक्त किया गया है, जहां उन्होंने राघव चड्ढा की जगह ली है। वह फगवाड़ा में स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति भी हैं। अधिकारियों के अनुसार, ईडी फेमा की जांच के रूप में इन शैक्षणिक संस्थानों के कुछ विदेशी वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

### भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू की : आप

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने छापेमारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी 'तैयारियां' शुरू कर दी हैं, जहां वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर मान के पोस्ट को टैग करते हुए उनके बयान का समर्थन किया।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई–प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

## पेज एक के शेष

### न टॉपर लिस्ट और न...

करना शुरू किया है। पहले चरण की परीक्षा में छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य था, जिसके परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 93.70 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। पिछले वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.66 प्रतिशत था।

### छत्तीसगढ़ में 50 साल बाद...

गया है । आयोगों की रिपोर्ट के आधार पर ही तीन बार लोकसभा और राज्य विधानसभा सीटों की संख्या में बदलाव किए गए । छत्तीसगढ़ में भी 1952, 1962 और 1972 में गठित परिसीमन आयोगों की रिपोर्ट के आधार पर सीटों की संख्या में कमी या बढ़ोतरी हुई। 2002 में गठित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट पर सिर्फ विधानसभा क्षेत्रों के नामों और क्षेत्रों में ही बदलाव किए गए। सीटों की संख्या जस की तस यानी 90 ही रही। **अब लोकसभा की 4 और विधानसभा की 40 सीटें बढ़ने का अनुमान** : आगामी परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होने की संभावना है । इसमें छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 4 और राज्य विधानसभा की 35 से 40 सीटें बढ़ने का अनुमान है ।

### छत्तीसगढ़ में 4 बार...

की रिपोर्ट के आधार पर 1967 में विधानसभा क्षेत्रों की संख्या बढ़कर 84 हो गई । 1972 में भी इतनी ही सीटों पर चुनाव हुए । 1972 में फिर परिसीमन आयोग का गठन किया गया । तब आयोग ने सीटों की संख्या बढ़ाकर 90 करने का सुझाव दिया और तब से लेकर अब तक 90 सीटों के लिए ही चुनाव कराए जा रहे हैं ।

### एआई और संसाधन...

विधानसभा की सीटें डेढ़ गुना तक बढ़ सकती हैं, इस हिसाब से राज्य में विधानसभा की सीटें 135 और लोकसभा की सीटें बढ़कर 17 हो सकती हैं ।

### 48 घंटे में बताना होगा...

की जा रही बेतहाशा वृद्धि के संदर्भ में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है। आदेश में डीपीआई ने लिखा है कि विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा फीस विनियमन अधिनियम के तहत कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस संबंध में 17 अप्रैल तक जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। डीपीआई ने तीन बिंदुओं में इस संदर्भ में जानकारी मांगी है। विशेष बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए केवल 48 घंटे का समय दिया गया है। प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में नवीन सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। स्कूलों द्वारा दाखिले के साथ फीस लेने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। फीस विनियमन अधिनियम के अनुसार निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क वृद्धि नहीं की जा सकती है। इसके बाद भी निजी स्कूलों द्वारा नियमविरुद्ध जाकर बढ़ोत्तरी की जा रही है। फीस विनियमन समिति का गठन नहीं होने और पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण पालकों की समस्या अधिक बढ़ गई है।

### रायपुर-बिलासपुर जैसे ....

शामिल हैं। गठन के वक्त छत्तीसगढ़ में 6 महिला विधायक थीं, जो करीब 6 प्रतिशत था। वर्तमान विधानसभा में बढ़कर 19 महिला विधायक हैं, जो कुल विधायकों का 21 प्रतिशत है। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। राजधानी रायपुर की चारों विधानसभा सीट, बिलासपुर सीट जैसी शिक्षित और जागरूक लोगों के बीच से भी से कभी महिला विधायक नहीं बन पाई। चुनावों की रणनीति के आधार पर बड़े शहर में महिलाएं, पुरुष प्रत्याशियों से पीछे रहीं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 41 विधानसभा सीटें ऐसी रही जहां महिला विधायक कभी नहीं रहीं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदा बाजार**

**क्रमांक/का.अ./ब.बा./ सामा./134** — **बलौदा बाजार दिनांक 10.04.2026**

**-:: बिजली बंद की सूचना ::-**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार **सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक** विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली **असुविधा के लिये खेद** है।

| क्र. | तिथि | प्रस्तावित फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 17.04.2026 दिन शुक्रवार | 11 के.व्ही. रायपुर रोड (F-1) एवं 11 के.व्ही. लवन रोड (F-II) | पहंदा रोड, जिला संसाधन ऑडोटोरियम, अम्बेडकर चौंक, गायत्री मंदिर, सेक्रेड हार्ट, राधा विहार, दुर्गा कैरियर, जी. ए.डी. कालोनी, लक्ष्मण विहार, सोमेश विहार, रायपुर रोड से मंथन राईस मिल तक |
| | | 11 के.व्ही. रिसदा 1-2 एवं परागांव (नया) | रिसदा, ढाबाडीह, बोईरडीह खजुरी, देवरी, परागांव |
| | | 11 के.व्ही. कोलियारी | कोलियारी, सलोनी एवं भाठागांव |
| 2 | 18.04.2026 दिन शनिवार | 11 के.व्ही. चांपा | चांपा पुरान, ठेलकी ढाबाडीह पुरेनाखपरी खम्हरिया खम्हरिया (चांपा), चिचोली, पौसरी, खैलवारडीह, भरूवाडीह एवं ढनढनी |
| | | 11 के.व्ही. गैतरा | गैतरा एवं पौसरी |
| 3 | 19.04.2026 दिन रविवार | 11 के.व्ही. ढाबाडीह | भरूवाडीह, पौसरी, चांपा, ठेलकी, खम्हरिया, चिचोली, खैलवारडीह, ढाबाडीह पुरान, पुरेनाखपरी, ढनढनी (पंप लाईन |
| 4 | 20.04.2026 दिन सोमवार | 11 के.व्ही.अटल ज्योति (मल्दी) | मल्दी, मोपर, देवरानी जेठानी, मिर्गी (पंप लाईन) |
| | | 11 के.व्ही. सकरी एवं सोनाडीह | सकरी, खम्हरिया यदु, गोड़खपरी, दशरमा, दशरमा बाईपास, सोनाडीह एवं पी.एच.ई. (जलप्रदाय) |
| | | 11 के.व्ही. अटल ज्योति (करमदा) | करमदा, नयापारा, धवई, बुढ़गहन, कोलियारी, सलौनी, भाठागांव (पंप लाईन) |
| 5 | 21.04.2026 दिन मंगलवार | 11 के.व्ही. आई.टी.आई. (कंजी) एवं पारागांव (पुराना) | आई.टी.आई., कंजी, डीएवी, हाईस्कूल लॉवलीवुड, पॉलीटेक्निक कॉलेज, रोशनी फ्युल्स (ढाबाडीह, बोईरडीह, खजुरी, देवरी एवं परागांव पंप लाईन) |

**(ए.के. ठाकुर)**
**कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग**
**छ.स्टेट.पॉ.डि.क.लि. बलौदा बाजार**

**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।**

Email ID-durgmc2019@gmail.com — Phone: 0788-2322148

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक /50/लो.क. वि. / 2025-56 — दिनांक : 15/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं प्री-क्वालिफिकेशन शर्तों के अनुरूप अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एस.टी.पी. तक सड़क चौड़ीकरण कार्य। **System No.** 188842, **Dt.**15.04.2026 | रू. 253.33 लाख | 15.04.2026 से 06.05.2026, खोलने की तिथि 11.05.2026 |
| 2. | गुण्डरदेही रोड़ से गौठान होते हुए प्रधानमंत्री आवास (ए.एच.पी.) कॉलोनी होते हुए हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य। **System No.** 188843, **Dt.**15.04.2026 | रू. 1123.89 लाख | |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**शुद्धिपत्र - पेड़ों की कटाई सम्बंधित नीलामी सूचना**

**क्रमांक:** Dy.CE/CON/NGP/Tree Cutting/4th Line DGG-G दिनांक: 16.03.2026
प्रशासनिक कारणों की वजह से डोंगरगढ़ - गोंदिया के बीच चौथी लाइन के संबंध में, पुल क्रमांक 212 (बाघ नदी) से Km. 946/1 (महाराष्ट्र सीमा) तक रेलवे की ज़मीन पर स्थित 2069 पेड़ों (सागवान, बीजा, साजा, आड़जात (सर्व), सेवन और अदजात (इतर) की कटाई सम्बंधित नीलामी की निर्धारित तारीख स्थगित की गई थी।

अब यह नीलामी संशोधित तारीख को सहायक कार्यपालक अभियंता (निर्माण-I), द.पू.म. रेलवे, गोंदिया द्वारा मुख्य परियोजना प्रबंधक - पश्चिम, निर्माण, द.पू.म. रेलवे, नागपुर के ऑफिस में दिनांक **30.04.2026** को दोपहर **13:00** बजे अकाउंट प्रतिनिधि की मौजूदगी में की जाएगी।


नीलामी अंतर्गत बोलीकर्ता को एक डिमांड ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक या अन्य किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/शेड्यूल्ड बैंक) का जो FA&CAO/Con/SECR/Bilaspur के पक्ष में हो और बिलासपुर/नागपुर में देय हो) के साथ अपने ID प्रूफ की एक फोटोकॉपी और नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन दिनांक **30.04.2026** को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच जमा करेगा। दोपहर 12:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं नीलामी **13:00** बजे से शुरू की जाएगी।

अन्य सभी नियम और शर्तें मूल नीलामी सूचना संख्या Dy.CE/CON/NGP/Tree Cutting/4th Line DGG-G, दिनांक 16.03.2026 में उल्लिखित हैं, और वे अपरिवर्तित रहेंगी।

swachh bharat abhiyan AIM/06-23

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

## राशिफल



**मेष** — परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।




**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।



**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।



**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।



**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।



**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।



**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।



**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।



**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।




**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।



**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।


## शब्द पहेली - 6197



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6196 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6207

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

### लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराकर आरसीबी शीर्ष पर

# 29 गेंद पहले जीती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लगाया जीत का 'चौका'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की तूफानी गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

सुपर जाइंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोहली की 34 गेंद में 6 चौकों और 1 छक्के से 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते 5 विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से बेंगलुरु की टीम 5 मैच में 4 जीत से 8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स के भी आठ अंक हैं लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है।



### रसिख का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

आरसीबी के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रसिख सलाम डार ने एलएसजी के विरुद्ध मुकाबले में महज 24 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। यह आरसीबी की तरफ से किसी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी का चौथा सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग फिगर है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रसिख ने एडेन मार्करम,आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी और अवेश खान का विकेट लिया। आरसीबी के लिए अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों में हर्षल पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2021 में मुंबई इंडियंस के विरुद्ध 27 रन देकर 5 विकेट निकाले थे। लिस्ट में श्रीनाथ अरविंद दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2011 में पंजाब की टीम के विरुद्ध 14 रन देकर 4 विकेट निकाले थे।

### पंत हुए चोटिल, कोहनी में लगी हेजलवुड की गेंद

लखनऊ सुपर जाइंट्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ा झटका लगा जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की उछाल लेती गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत की बाईं कोहनी पर चोट लगी। असहनीय दर्द के कारण उन्हें मेडिकल ब्रेक लेना पड़ा और फिजियो पैट्रिक फरहार्ट तुरंत मैदान पर दौड़कर आए।पंत दर्द से कराह रहे थे और उन्होंने निराश होकर मैदान से बाहर जाने का फैसला किया। कोहनी में फ्रेक्चर है या नहीं यह सूजन कम होने पर पता चलेगा जब एमआरआई कराया जाएगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श बो कृणाल | 40 | 32 | 3 | 2 |
| मारक्रम का पडिक्कल बो रसिख | 12 | 8 | 0 | 1 |
| पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 | 6 | 0 | 0 |
| पूरन बो हेजलवुड | 01 | 7 | 0 | 0 |
| बडोनी का जितेश बो रसिख | 38 | 24 | 4 | 1 |
| समद का पाटीदार बो कृणाल | 00 | 2 | 0 | 0 |
| मुकुल चौधरी बो रसिख | 39 | 28 | 3 | 2 |
| लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर | 07 | 7 | 1 | 0 |
| मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| आवेश खान बो रसिख | 01 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 07 कुल:20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 146 रन

**गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1 , रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो प्रिंस | 07 | 8 | 1 | 0 |
| कोहली का पूरन बो आवेश | 49 | 34 | 6 | 1 |
| पडिक्कल का हिम्मत बो आवेश | 10 | 11 | 1 | 0 |
| पाटीदार का राठी बो प्रिंस | 27 | 13 | 1 | 3 |
| जितेश शर्मा का चौधरी बो प्रिंस | 23 | 9 | 2 | 2 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 | 8 | 1 | 1 |
| शेफर्ड नाबाद | 14 | 8 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:**05 कुल:15.1 ओवर में पांच विकेट पर: 149 रन

**गेंदबाजी:** शमी 3-0-30-0, प्रिंस 3-0-32-3 , राठी 4-0-51-0, आवेश 4-0-23-2, लिंडे 1.1-0-9-0.

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| विराट कोहली | प्रसिद्ध कृष्णा |
| 228 रन | 10 विकेट |
| बेंगलुरु | गुजरात |




# वर्ल्ड चैंपियन एक्सलसन ने छोड़ा बैडमिंटन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है।

चैंपियन एक्सेलसन ने कहा, ' जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।' उन्होंने कहा, ' दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।' एक्सलसेन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं और वह इस मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हैं।



- 2017 व 2022 में वर्ल्ड चैंपियन बने थे एक्सलसन
- 32 साल के एक्सलसन अक्टूबर 2025 से किसी प्रतियोगिता में नहीं हुए शामिल

### पूरे कॅरियर में अस्थमा से जूझते रहे विक्टर

मिलनसार स्वभाव का यह खिलाड़ी अपने पूरे करियर में अस्थमा से जूझता रहा है। उन्होंने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते तथा 2017 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह यूरोपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली डेनमार्क की छह टीमों का भी हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, 'मैंने यह फैसला चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद लिया है। उनका कहना है कि मुझे अभी जो दर्द हो रहा है, उसके लिए शायद एक और सर्जरी करवानी पड़े। अगर सर्जरी सफल नहीं रही तो इससे भी गंभीर प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।

# धीमी ओवर गति के लिए रहाणे को दंड, लगा जुर्माना



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के अनुसार, ' कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

# नाडा की आरपीटी सूची में बदलाव, श्रेयस-स्मृति की जगह अभिषेक-अक्षर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है।

आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है।



### पंत और बुमराह बरकरार

टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

### एथलेटिक्स के सर्वाधिक खिलाड़ी


नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी, जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं।



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

# मूडी का कमाल, अस्पताल से निकलते ही वर्ल्ड स्नूकर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्टैन मूडी टॉन्सिलाइटिस के इलाज के लिए भर्ती थे। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के एक दिन बाद उन्होंने चीन के जियांग जून को हराकर पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मूडी साल 2007 में जड ट्रंप के बाद क्रूसिबल में खेलने वाले पहले ब्रिटिश टीनएजर होंगे। स्टैन मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया।

6-5 से पिछड़ रहे नंबर-44 मूडी ने 71, 70, 113 और 127 के स्कोर बनाकर 9-8 की बढ़त हासिल की। इसके बाद 18वें फ्रेम में उन्होंने मैच जीतने का मौका गंवा दिया, लेकिन निर्णायक फ्रेम में शानदार 104 का स्कोर बनाकर अपनी गलती सुधार ली। मूडी की यह जीत इसलिए भी ज्यादा अहम है, क्योंकि पिछली रात ही वह टॉन्सिलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इसके बावजूद उन्होंने खुद को डिस्चार्ज करवाया और शारीरिक तकलीफ के बावजूद खेलते हुए इस सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह सुनिश्चित की।

# सेमीफाइनल में पीएसजी और एटलेटिको, बार्सिलोना बाहर



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा।

एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए।

पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital
श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवाएं कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130




अंतरिक्ष की दुनिया में अपना दबदबा कायम करने के लिए अमेरिका अब बड़ी तैयारी कर रहा है। अभी तक इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने वाला अमेरिका अब न्यूक्लियर पावर को भी स्पेस में पहुंचाने की योजना बना रहा है। व्हाइट हाउस के एक नए आदेश ने पूरी दुनिया की स्पेस एजेंसियों को चौंका दिया है। नासा और रक्षा विभाग को अब 2030 तक चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर तैनात करने का डेडलाइन दे दिया गया है। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि क्या अंतरिक्ष में परणाणु विस्फोट करने की अमेरिका तैयारी कर रहा है।

# चांद की सतह पर अमेरिका की न्यूक्लियर एंट्री ने बढ़ा दी दुनिया की धड़कनें!


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष की दुनिया में अपना दबदबा को और मजबूत बनाने के लिए अमेरिका ने एक बहुत ही बड़ी योजना का खुलासा किया है। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी किए गए नए मेमो के मुताबिक अमेरिका अब अंतरिक्ष में न्यूक्लियर पावर को अपना हथियार बनाने जा रहा है। अमेरिकी सरकार ने टारगेट रखा है कि साल 2028 तक स्पेस आर्बिट में और 2030 तक चंद्रमा की सतह पर परमाणु रिएक्टर स्थापित कर दिए जाएंगे।

## परमाणु बम नहीं, तो फिर क्या?

### ट्रम्प के विजन को मिलेगी रफ्तार

इस पहल की शुरुआत साल 2025 के दिसंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश यानी अमेरिकी अंतरिक्ष श्रेष्ठता सुनिश्चित करने का ही हिस्सा है। ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी के डायरेक्टर माइकल क्रैट्सियोस ने यह नया मेमो नासा के ऊर्जा विभाग और रक्षा विभाग को इस दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं।



### परमाणु ऊर्जा ही क्यों है जरूरी?

अभी तक सभी अंतरिक्ष यान मुख्य रूप से सोलर एनर्जी या केमिकल फ्यूल से चलते हैं। लेकिन, चंद्रमा के अंधेरे हिस्सों या मंगल जैसे सुदूर ग्रहों पर, जहां धूप ठीक से नहीं पहुंचती है, वहां एनर्जी का संकट होता है। व्हाइट हाउस का मानना है कि चंद्रमा और मंगल पर स्थायी इंसानी बस्तियां बसाने के लिए परमाणु ऊर्जा ही मात्र एक विकल्प है, जो बिना रुके बिजली, गर्मी प्रदान कर सकती।

### प्राइवेट सेक्टर के साथ साझेदारी

इस मिशन को समय पर पूरा करने और कम खर्च के लिए अमेरिकी सरकार प्राइवेट कंपनियों के साथ हाथ मिलाएगी। यह कदम अमेरिकी अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है, जहां परमाणु ऊर्जा अब सिर्फ एक कल्पना नहीं बल्कि 2030 तक हकीकत बनने जा रही है।

### अंतरिक्ष या चांद पर परमाणु बम दागने जा रहा

इस सवाल का जवाब है नहीं, परमाणु रिएक्टर जो अमेरिका अंतरिक्ष में बनाने की तैयारी कर रहा है, इसका उद्देश्य बिजली पैदा करना है। यह एक मशीन की तरह है जो ऊर्जा निकालती है, जिससे चंद्रमा पर बने बेस, रोवर्स और मशीनों को चलाया जा सके।



## रोचक खबरें

### 61 साल के बूढ़े ने की 28 साल छोटी लड़की से शादी

**बीजिंग।** चीन के एक बिजनेसमैन ने मौत से लड़ते हुए अपनी पूरी जायदाद अपनी 28 साल छोटी पत्नी के नाम कर दी है। 405 करोड़ का ये 'तोहफा' देखकर पुरानी फैमिली के पैरों तले जमीन खिसक गई है। अब इंटरनेट पर बहस छिड़ी है कि ये प्यार है या सिर्फ नोटों की खनक? कहते हैं कि इश्क और जंग में सब जायज है, लेकिन जब बात 405 करोड़ रुपए की हो, तो जंग का मैदान घर की दहलीज तक आ जाता है। चीन के 61 साल के एक टायकून, जिनका सरनेम 'होउ' है, इन दिनों अपनी वसीयत को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। फेफड़ों के कैंसर से जूझ रहे इस रईस ने अपनी पाई पाई अपनी 33 साल की पत्नी लियुआन के नाम कर दी है। इस जायदाद में समंदर किनारे आलीशान विला, लग्जरी याट कंपनी में हिस्सेदारी और बैंक में जमा करोड़ों की नकदी शामिल है। किस्सा तब शुरू हुआ था जब लियुआन सिर्फ 21 साल की थीं और होउ की कंपनी में एक मामूली अकाउंटिंग असिस्टेंट के तौर पर काम करती थीं। किस्मत ने पलटा खाया, दोनों में नजदीकियां बढ़ीं और 2016 में शादी हो गई। आज उनका एक 5 साल का बेटा भी है। जब 2025 में होउ को पता चला कि उन्हें कैंसर है, तो लियुआन उनकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरीं। पांच दौर की कीमोथेरेपी के दौरान वो साये की तरह उनके साथ रहीं। होउ का मानना है कि इस मुश्किल वक्त में उनकी पत्नी ही उनका 'आध्यात्मिक सहारा' रहीं, इसीलिए वो अपनी पूरी सल्तनत उन्हीं के नाम कर रहे हैं।



### धरती की वो जगह, जहां -60 डिग्री तापमान में लोग करते हैं शॉपिंग

**मास्को।** आपने दुनिया में कई तरह के बाजार देखे होंगे कहीं भीड़ इतनी होती है कि चलना मुश्किल हो जाता है, तो कहीं अजीबो-गरीब खाने की चीजें लोगों को आकर्षित करती हैं। हर बाजार की अपनी एक अलग पहचान होती है, कोई अपने स्वाद के लिए मशहूर होता है तो कोई अपने माहौल के लिए। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे बाजार के बारे में सुना है, जहां हर चीज आपको जमी हुई हालत में मिलती हो? सोचिए, आप किसी दुकान पर जाते हैं और वहां रखी मछलियां पत्थर की तरह सख्त हों, फल ऐसे लगते हैं जैसे अभी-अभी फ्रीजर से निकाले गए हों, और मांस पूरी तरह बर्फ बन चुका हो। हैरानी की बात तो यह है कि यहां इन चीजों को ठंडा रखने के लिए किसी फ्रिज या मशीन की जरूरत ही नहीं पड़ती, क्योंकि यहां की प्रकृति खुद ही सबसे बड़ा 'फ्रीजर' है। आज हम आपको दुनिया के एक ऐसे ही अनोखे बाजार के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां सर्दी इतनी ज्यादा होती है कि हर चीज अपने आप जम जाती है। यहां खरीदारी करना किसी एडवेंचर से कम नहीं, और इस जगह को देखने के बाद आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि आखिर इतनी ठंड में लोग कैसे जीते और काम करते हैं। दरअसल, याकुत्स्क जिसे दुनिया का सबसे ठंडा शहर माना जाता है, यहां की आबादी करीब 3 लाख से ज्यादा है, और यह दुनिया के सबसे ठंडे बसे हुए शहरों में गिना जाता है। वहां का एक अनोखा बाजार लोगों को हैरान कर रहा है। साइबेरिया के इस शहर में मौजूद क्रेसत्यांस्की मार्केट एक खुला बाजार है, जहां तापमान सर्दियों में -50 से -60 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है।




# समंदर के वो चोकपॉइंट्स जो पूरी दुनिया को बना सकते हैं कंगाल!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की रफ्तार सिर्फ सड़कों और आसमान से नहीं चलती, बल्कि समुद्र के उन रास्तों से चलती है, जहां से हर दिन हजारों जहाज गुजरते हैं। ये रास्ते इतने अहम हैं कि अगर यहां थोड़ी सी भी रुकावट आ जाए, तो असर सीधे आपकी जेब तक पहुंचता है। अब चर्चा इस बात की है कि अगर इन रास्तों से गुजरने पर टोल वसूला जाने लगे, तो दुनिया की हालत क्या होगी?

आज की दुनिया व्यापार पर टिकी है और इस व्यापार की लाइफलाइन हैं समंदर के वो रास्ते, जिन्हें चोकपॉइंट्स कहा जाता है। ये समुद्री मार्ग इतने संकरे हैं कि अगर यहां एक जहाज भी फंस जाए या कोई देश यहां 'टोल' वसूलना शुरू कर दे, तो पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल से लेकर खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान छूने लगेंगे। अभी तक आपको सिर्फ एक या दो चोकपॉइंट्स के बारे में जानकारी होगी। अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के कारण कई लोग अब होर्मुज का नाम तो जान ही गए होंगे।. लेकिन, हम यहां आपको इनसे अलग कुछ और समुद्री चोकपॉइंट्स के बारे में बता रहे हैं। ये चोकपॉइंट्स पूरे विश्व में सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं।



### चोकपॉइंट क्या होता है?

समुद्र में कुछ ऐसे संकरे रास्ते होते हैं, जहां से होकर ही जहाजों को गुजरना पड़ता है। इन्हें ही चोकपॉइंट कहा जाता है। ये इतने जरूरी हैं कि इनके बिना अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगभग ठप पड़ सकता है। दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल, गैस और जरूरी सामान इन्हीं रास्तों से एक देश से दूसरे देश तक पहुंचता है। अगर किसी कारण से ये रास्ते बंद हो जाएं या यहां पर कोई देश टोल लगा दे, तो इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। ये रास्ते इतने महत्वपूर्ण हैं कि अगर इन्हें बंद कर दिया जाए, तो वैश्विक सप्लाई चेन पूरी तरह ठप हो सकती है।


### अगर ये रास्ते बंद हुए तो क्या होगा?

अगर किसी भी कारण से ये रास्ते बंद होते हैं, तो माल ढुलाई का खर्च बढ़ जाएगा, जिससे हर चीज महंगी हो जाएगी। दुनिया में चिप्स, अनाज और दवाओं की कमी हो सकती है। इन रास्तों पर कब्जे के लिए बड़ी शक्तियों के बीच टकराव बना रहता है। ये समुद्री चोकपॉइंट्स ग्लोबल इकोनॉमी की नसों की तरह हैं। अगर इनमें कहीं भी 'ब्लॉक' आता है, तो उसका असर सीधे आपकी जेब और रसोई पर पड़ता है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य

इसे दुनिया की 'ऑयल लाइफलाइन' कहा जाता है। ओमान और ईरान के बीच स्थित यह रास्ता खाड़ी देशों के तेल को पूरी दुनिया तक पहुंचाता है। दुनिया के कुल तेल व्यापार का 20% यहीं से गुजरता है। अगर ईरान और पश्चिमी देशों के बीच चल रहे तनाव के बाद ईरान इसे पूरी तरह बंद कर दे, तो पूरी दुनिया में तेल का संकट खड़ा हो जाएगा। इस रास्ते से भारत का कच्चा तेल, रसोई गैस और काफी व्यापार होता है।

### ये हैं दुनिया के सबसे बड़े चोकपॉइंट्स



**मलक्का जलडमरूमध्य** : यह हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है। चीन, जापान और भारत का अधिकांश तेल और व्यापार इसी रूट से गुजरता है। चीन का तो 80% तेल यहीं से गुजरता है। यह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बहुत करीब है, जो भारत को रणनीतिक बढ़त देता है। अगर भारत इस चोकपॉइंट को बंद कर दे, तो चीन की पूरी अर्थव्यवस्था हिल जाएगी।

**बाब-अल-मंडेब** : इसे 'आंसुओं का द्वार' भी कहा जाता है। यह अफ्रीका और अरब प्रायद्वीप के बीच स्थित है। यह रास्ता स्वेज नहर की ओर ले जाता है। हाल के दिनों में यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों की वजह से यह इलाका दुनिया का सबसे खतरनाक समुद्री चोकपॉइंट बन गया है।

**पनामा नहर** : यह अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ती है। हाल ही में सूखे की वजह से इस नहर में पानी का स्तर कम हो गया है, जिससे जहाजों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। यह अमेरिका के व्यापार के लिए सबसे जरूरी रास्ता है।

**स्ट्रेट ऑफ जिब्राल्टर** : यह भूमध्य सागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ता है और यूरोप-अफ्रीका के बीच व्यापार का मुख्य रास्ता है।

**बॉस्फोरस जलडमरूमध्य** : तुर्की में स्थित यह रास्ता काले सागर को बाकी दुनिया से जोड़ता है, जो रूस और यूक्रेन के अनाज व्यापार के लिए बेहद अहम माना जाता है।

**स्ट्रेट ऑफ डोवर** : यह इंग्लिश चैनल का सबसे संकरा हिस्सा है, जो ब्रिटेन और यूरोप के बीच व्यापार का मुख्य केंद्र माना जाता है।

**केप ऑफ गुड होप** : हालांकि यह एक नहर नहीं है, लेकिन स्वेज नहर में संकट के समय जहाज इसी लंबे रास्ते का उपयोग करते हैं।



**डेनमार्क जलडमरूमध्य** : यह बाल्टिक सागर को अटलांटिक से जोड़ता है और उत्तरी यूरोप के व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण रास्ता है।

**स्वेज नहर** : मिस्र में स्थित यह नहर एशिया और यूरोप के बीच का सबसे छोटा रास्ता है। 2021 में जब 'एवर गिवेन' जहाज इसमें फंसा था।

# रंगों की दुनिया से दूर 'ब्लैक एंड व्हाइट' टापू!

## जहां हर 10 में से एक शख्स को सब कुछ दिखता है काला और सफेद, जानें क्या है इसकी वजह

**न्यूयार्क।** प्रशांत महासागर के सुदूर कोने में एक ऐसा द्वीप है, जो विज्ञान और मानव आनुवंशिकी की दुनिया में किसी अजूबे से कम नहीं है। पिंगेलैप नाम के इस छोटे से द्वीप पर रहने वाली आबादी का एक बड़ा हिस्सा दुनिया को रंगीन नहीं, बल्कि केवल ब्लैक एंड व्हाइट में देखता है।

क्या आप किसी ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां न नीला आसमान हो, न हरा समंदर और न ही लाल फूल हों। यहां पेड़ भी हरे नहीं दिखाई देते हों. अब आप कहेंगे कि ऐसा तो किसी ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म में ही हो सकता है। लेकिन, इस दुनिया में एक ऐसी जगह है, जिसे लोग 'कलरब्लाइंड्स का आइलैंड' कहते हैं। यह प्रशांत महासागर के बीचों-बीच बसा माइक्रोनेशिया का एक छोटा सा द्वीप है, जिसे लोग पिंगेलैप नाम से जानते हैं। यहां के निवासियों की एक बड़ी तादाद को एक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी है, जिसकी वजह से उनके




लिए रंग जैसी किसी चीज का अस्तित्व ही नहीं है। यहां की लगभग 10% आबादी रंगों को नहीं देख सकती, उन्हें सब कुछ सिर्फ काला, सफेद और ग्रे दिखाई देता है। हालांकि, यहां की बड़ी आबादी को दुनिया वैसी नहीं दिखती, जैसी हमें दिखती है।

इस द्वीप को वैश्विक पहचान तब मिली, जब मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट ओलिवर सैक्स ने 1990 के दशक में यहां का दौरा किया और अपनी किताब 'द आइलैंड ऑफ द कलरब्लाइंड' लिखी। उन्होंने बताया कि कैसे रंगों के बिना भी यहां के लोगों ने अपनी एक अलग और समृद्ध संस्कृति विकसित कर ली है।

### कहां है यह अनोखा द्वीप?

पिंगेलैप माइक्रोनेशिया का एक हिस्सा है। यह द्वीप अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए तो जाना ही जाता है, लेकिन इसकी असली पहचान यहां के लोगों की आंखों में छिपे एक दुर्लभ जेनेटिक डिसऑर्डर से है।

### क्या है ये बीमारी?

पिंगेलैप टापू के करीब 10% लोगों को एक्रोमैटोप्सिया नाम की बीमारी है, जिससे यहां के लोग पूरी तरह कलरब्लाइंड हैं। जहां सामान्य कलरब्लाइंड लोग कुछ रंगों (जैसे लाल या हरा) में अंतर नहीं कर पाते, वहीं यहां के लोग सिर्फ काला, सफेद और ग्रे रंग ही देख पाते हैं।

### 1775 का वह काल जिसने सब बदल दिया

कभी यहां के लोगों की आंखों में भी अलग-अलग रंगों की चमक थी। लेकिन, साल 1775 में एक भीषण चक्रवात ने इस द्वीप पर ऐसी तबाही मचाई थी, जिसके बाद यहां सिर्फ 20 लोग ही जिंदा बचे थे। उन 20 बचे हुए लोगों में से एक यहां का राजा था, जो एक्रोमैटोप्सिया का कैरियर था। चूंकि द्वीप छोटा था और बाहरी दुनिया से कटा हुआ था, इसलिए बची हुई आबादी ने आपस में ही शादियां कीं, जिसके बाद पीढ़ी-दर-पीढ़ी वह दुर्लभ जीन पूरी आबादी में फैल गया।

### साइज 3-4 मिलीमीटर, मगर 6 गुना ज्यादा आकार वाले को बना सकती है शिकार

**न्यूयार्क।** रिसर्चर्स की एक टीम ने साउथ अमेरिका में जाल बुनने वाली मकड़ी की एक नई प्रजाति की खोज की है। इसका नाम मशहूर रॉक बैंड पिंक फ्लॉयड की तर्ज पर पिकेलिनिया फ्लॉयडमुरा रखा गया है। ओपन-एक्सेस जर्नल 'जूसिस्टेमेटिक्स एंड इवोल्यूशन' में पब्लिश यह स्टडी, कम जानकारी वाले 'पिकेलिनिया' वंश के बारे में वैज्ञानिक समझ को और बेहतर करने का काम करती है। हाल ही में पहचानी गई इस मकड़ी की लंबाई मात्र 3 से 4 मिलीमीटर है, और इसे इसका अनोखा नाम संगीत और इसके आवास, दोनों से मिला है। 'मुरारिया' शब्द, लैटिन भाषा के 'दीवार' शब्द से लिया गया है। यह मकड़ी के इमारतों की दरारों और दीवारों में रहने की तरफ इशारा करता है। साथ ही, यह पिंक फ्लॉइड के मशहूर एल्बम 'द वॉल' को भी एक तरह से श्रद्धांजलि है। आकार के बावजूद, पिकेलिनिया फ्लॉयडमुरा शहरी इकोसिस्टम में एक अहम भूमिका निभा सकती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com